● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 144, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 02 जुलाई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



कर्नाटक में सीएम बदलने पर रार तेज 5

असाधारण प्रदर्शन के लिए सचिन से प्रेरणा लेता हूँ: नीरज 6

## ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन किया गया। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा के एक ऐसे ग्राम का चयन किया जाएगा जिसकी वर्तमान जनसंख्या न्यूनतम 2000 हो एवं गौ-वंश की न्यूनतम संख्या 500 हो। ऐसे ग्रामों को मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम के रूप में विकसित कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। ये ग्राम आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के अन्य ग्रामों के समक्ष विकास का आदर्श प्रस्तुत करेंगे। इस योजना के अंतर्गत गौ-पालन एवं डेयरी विकास, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, चारागाह विकास, अधोसंरचना विकास, स्वरोजगार सहित ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किये जाने का निर्णय लिया गया।

राज्य शासन की अवधारणा है कि प्रदेश में कुछ ग्राम इस प्रकार विकसित किये जायें ताकि वे आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के समस्त ग्रामों के लिए उदाहरण बनें तथा अन्य ग्राम इन चयनित ग्रामों से प्रेरित होकर स्वयं भी आत्मनिर्भरता और चहुँमुखी विकास की ओर अग्रसर हों। इन चयनित ग्रामों में विभिन्न विभागों के अन्य विकास कार्यों के साथ मुख्य रूप से गौवंशीय एवं अन्य दुधारू पशुओं के पालन, दुग्ध-उत्पादन एवं डेयरी विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। जहां स्वच्छता एवं हरियाली के साथ-साथ गौसेवा और आध्यात्मिकता से समन्वित आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रत्यक्षत: दृष्टिगोचर हो और ग्राम वृन्दावन के रूप में साकार हो सके। मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना के उद्देश्यों में गौपालन एवं डेयरी विकास को बढ़ावा देना। ग्राम को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के साथ सहकारिता के माध्यम से दुग्ध व्यवसाय का प्रसार करना, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके। पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण तथा सौर ऊर्जा संबंधी गतिविधियों को जनभागीदारी से क्रियान्वित करना, चारागाह विकास, ग्राम में अधोसंरचना विकास, ग्रामीण परिवारों का रोजगार/स्वरोजगार आधारित आर्थिक सुदृढ़ीकरण और ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों को अपनाते हुए सतत् विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करना है। चयनित वृन्दावन ग्राम में विभिन्न विभागों के माध्यम से जो सुविधाएं उपलब्ध करायी जाना है, वे 6 श्रेणियों में होगी। चयनित वृन्दावन ग्राम में अधोसरंचना के लिए गौशाला, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आँगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल भवन, यात्री प्रतीक्षालय, सोलर स्ट्रीट लाइट, पुस्तकालय, सर्वसुविधायुक्त आजिविका भवन/ग्रामीण आजीविका के लिए वर्कशेड, पशु चिकित्सालय, ग्राम तक कनेक्टिविटी, ग्राम के अंतर्गत आंतरिक सड़कें/ नाली, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान एवं गोडाउन, हर घर जल (सोलर उर्जा आधारित पम्प के माध्यम से), ग्रामीण उद्योग आधारित आर्ट एण्ड क्राफ्ट सेंटर, बायोगैस सयंत्र, शांतिधाम निर्माण, गौ-समाधि स्थल, सेग्रीगेशन शेड, जल निकासी के लिए नाली, कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र, ग्राम में विद्युत प्रवाह के लिए सौर उर्जा एवं गैर परम्परागत उर्जा क्षेत्र में विकास, पात्र परिवारों के लिये जलवायु अनुकूल आवास तथा (व्यक्तिगत शौचालय), सार्वजनिक उद्यान (पार्क), सार्वजनिक शौचालय, सिंचाई स्रोत विकास एवं ड्रिप एरीगेशन की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

## केंद्र ने कई योजनाओं को दी मंजूरी

### रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी, नई खेल नीति पर लगी मुहर



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इन्सेंटिव (ईएलआई) स्कीम को मंजूरी दे दी है। यह योजना खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि इस योजना के दो हिस्से होंगे। पहला हिस्सा उन लोगों के लिए होगा जो पहली बार रोजगार शुरू कर रहे हैं। वहीं, दूसरा हिस्सा लगातार रोजगार देने वाली कंपनियों को समर्थन देने के लिए होगा। इसके अलावा सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपये के रिसर्च डेवलेपमेंट और इनोवेशन स्कीम, राष्ट्रीय खेल नीति 2025 और परमकुडी-रामनाथपुरम नेशनल हाईवे के चार लेन बनाने के लिए 1,853 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी है।

सरकार ने मंगलवार को रोजगार सृजन, कौशल बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत रू 1.07 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसका विशेष फोकस निर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र पर रहेगा।

यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इस बारे में जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। इस योजना का उद्देश्य दो वर्षों में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नए रोजगार के अवसर सृजित करना है। इसके साथ ही, योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा।

प्रत्येक नए कर्मचारी के लिए रू 3,000 प्रति माह तक की प्रोत्साहन राशि दो वर्षों तक दी जाएगी।यह प्रोत्साहन उन नियोक्ताओं को मिलेगा जो ऐसे कर्मचारियों को नियुक्त करेंगे जिनका वेतन 1 लाख रुपए प्रतिमाह तक है। निर्माण क्षेत्र के लिए यह प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी जारी रहेगा।

सरकार ने देश में शोध, नवाचार और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए बड़े फैसले लिए हैं।

## अरब सागर में फिर देवदूत बनी भारतीय नौसेना

### विदेशी टैंकर में लगी आग बुझाई, बचाई 14 भारतीयों की जान



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने एक बार फिर समुद्र में संकट की घड़ी में अपनी वीरता और तत्परता का परिचय दिया है। इसके तहत अरब सागर में एक विदेशी तेल टैंकर में लगी भीषण आग पर काबू पाते हुए नौसेना ने उस पर सवार 14 भारतीय क्रू मेंबर्स की जान बचाई। बता दें कि यह हादसा 29 जून को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा तट से लगभग 80 नॉटिकल मील पूर्व में समुद्र में हुआ। एमटी यी चेंग 6 नामक यह टैंकर पलाउ के झंडे के तहत चल रहा था। टैंकर के इंजन रूम में आग लग गई, जिसके बाद वहां मौजूद भारतीय क्रू ने मदद के लिए आपातकालीन संदेश भेजा।

आग लगने की खबर भारतीय नौसेना को जैसे ही एसओएस संदेश मिला, युद्धपोत आईएनएस तबर को तुरंत अधिकतम गति से रवाना किया गया। आईएनएस तबर ने घटनास्थल पर पहुंचकर 7 क्रू मेंबर्स को अपने जहाज पर सुरक्षित रूप से निकाल लिया, जबकि शेष क्रू सदस्य और टैंकर के कप्तान ने वहीं रहकर आग बुझाने में मदद की।

मामले में आईएनएस तबर से 6 सदस्यीय फायर फाइटिंग टीम ने तुरंत जहाज पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। प्रारंभिक प्रयासों में धुएं को इंजन रूम तक सीमित कर लिया गया। बाद में 13 और नौसैनिक (5 अफसर और 8 नाविक) भेजे गए, जिससे दमकल ऑपरेशन को मजबूती मिली।

## कर्नाटक कांग्रेस में बदलाव की अटकलों पर विराम

**बंगलूरू।** कर्नाटक कांग्रेस में शिर्ष नेतृत्व में बदलाव को लेकर तेज होती अटकलों पर पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने एक बार फिर अपनी प्रतिक्रिया दी है। मंगलवार को उन्होंने नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा को सिरे ने नकारते हुए साफ और स्पष्ट रूप से कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर किसी भी तरह की राय नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वे केवल विधायकों और सांसदों से उनके क्षेत्रों में किए गए कार्यों की जानकारी ले रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान सुरजेवाला ने कहा कि कल भी मैंने जवाब दिया था और आज भी साफ कर रहा हूं नेतृत्व परिवर्तन को लेकर राय लेने का सवाल ही नहीं है।

## लोक प्रशासन में उत्कृष्टता को मिलेगा सम्मान

### सरकार ने अधिसूचित की प्रधानमंत्री पुरस्कार-2025 योजना

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार 2025 की योजना को अधिसूचित किया। कार्मिक मंत्रालय की ओर से एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, इस योजना के लिए नामांकन और पंजीकरण हेतु एक वेब पोर्टल औपचारिक रूप से 2 अक्टूबर से शुरू किया जाएगा और उसके बाद नामांकन जमान किए जा सकेंगे। मंत्रालय ने बताया कि यह योजना भारत के समग्र विकास को बढ़ावा देने के मकसद से तैयार की गई है। इसमें संतृप्ति आधारित दृष्टिकोण, आंकड़ों या दस्तावेजी प्रमाणों का संग्रहण, सुशासन और योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणात्मक पहलुओं पर फोकस किया जाएगा। इस योजना का मूल्यांकन 11 प्राथमिकात वाले क्षेत्रों से जुड़ी सरकारी योजनाओं के आधार पर किया जाएगा। कार्मिक मंत्रालय के बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस पुरस्कार की पूरी अवधारणा और प्रारूप में 2014 के बाद से क्रांतिकारी बदलाव किया गया है। इस योजना का मकसद रचनात्मक प्रतिस्पर्धा, नवाचार, सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं की पुनरावृत्ति और संस्थागतकरण को प्रोत्साहित करना है। इसमें मात्रात्मक लक्ष्यों की उपलब्धि के बजाय सुशासन, गुणात्मक उपलब्धियों और अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच पर जोर दिया गया है। इस वर्ष की पुरस्कार योजना का मकसद जिला कलेक्टरों के प्रदर्शन को पहचान देना है, जिसमें लक्षित लाभार्थियों तक योजनाओं को संतृप्ति दृष्टिकोण के साथ पहुंचाने पर फोकस किया गया है। बयान में कहा गया है कि पुरस्कार के लिए आवेदनों का मूल्यांकन तीन आधारों पर किया जाएगा - सुशासन, गुणात्मक और मात्रात्मक उपलब्धियां।

## डिजिटल इंडिया पर खरगे का मोदी सरकार पर तीखा हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और भाजपा के बीच जारी आरोप-प्रत्यारोप के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पर डिजिटल इंडिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए। खरगे ने कहा कि मोदी सरकार के डिजिटल इंडिया के दावे खोखले हैं और हकीकत इससे काफी अलग है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए खरगे ने बताया कि भारतनेट परियोजना के तहत देश के 6.55 लाख गांवों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने का लक्ष्य था, लेकिन अब तक 4.53 लाख गांव यानी 65त्न गांव इससे वंचित हैं।

## एन. रामचंदर राव बने तेलंगाना भाजपा इकाई के अध्यक्ष

### उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी बनाये गये नये अध्यक्ष

**हैदराबाद।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय नेतृत्व ने एन. रामचंदर राव को तेलंगाना राज्य इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वे केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी का स्थान लेंगे। तेलंगाना भाजपा राज्य इकाई के अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर एन. रामचंदर राव ने कहा, मैं अपने राष्ट्रीय नेतृत्व और पार्टी के अन्य सभी वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मुझे तेलंगाना राज्य इकाई का अध्यक्ष बनाने का फैसला किया। मैं निश्चित रूप से देखूंगा कि तेलंगाना भाजपा कड़ी मेहनत करे। हमारा लक्ष्य अगले चुनावों में तेलंगाना में सत्ता में आना है। इस संबंध में कैडर, नेताओं को एक साथ कड़ी मेहनत करनी होगी और मैं इसके लिए प्रयास करूंगा। भाजपा के राज्यसभा सांसद और पार्टी के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एक बार फिर भाजपा उत्तराखंड के अध्यक्ष चुने गए हैं।

## खूब पढ़ो बिटिया, फीस की व्यवस्था हम करेंगे : योगी



**गोरखपुर।** कोतवाली क्षेत्र के पुरदिलपुर की रहने वाली कक्षा सात की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी के लिए नए शैक्षिक सत्र का पहला दिन (एक जुलाई) आजीवन यादगार बन गया। फीस न दे पाने की स्थिति में इस बिटिया की पढ़ाई छूटने की नौबत आ गई थी लेकिन मंगलवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात होते ही पढ़ाई में आड़े आ रही आर्थिक बाधा दूर हो गई।

मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी को भरोसा दिया कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकेगी। वह या तो फीस माफ करवाएंगे या फिर फीस की खुद व्यवस्था कराएंगे। यही नहीं, सीएम योगी ने साथ फोटो खिंचाने की उसकी इच्छा भी पूरी की। मुख्यमंत्री की सहृदयता से भावविभोर पंखुड़ी ने कहा-महाराज जी जैसा कोई नहीं है। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। समस्याओं के निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित कर रहे थे। मुलाकात करने वाले लोगों की कतार में कक्षा सात में पढ़ने वाली कोतवाली इलाके के पुरदिलपुर की रहने वाली बच्ची पंखुड़ी त्रिपाठी भी बैठी थी।

मुख्यमंत्री जब पंखुड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए पंखुड़ी बोल पड़ी। महाराज जी, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए या फीस का इतंजाम करा दीजिए। मुख्यमंत्री रुक गए और आत्मीयता से संवाद कर पंखुड़ी की सारी परेशानी जानी। पंखुड़ी ने बताया कि वह एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती है।

## समाजवादी नहीं, असल में नमाजवादी हैं तेजस्वी

### भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राजद नेता पर बोला करारा हमला

**नई दिल्ली।** बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा के चुनाव होने है। इसको लेकर राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर चुकी है। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और बिहार विधानसभा में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी खुद को समाजवादी कहते हैं, असल में वे नमाजवादी हैं। भाटिया ने आरोप लगाया कि ये लोग बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान को नहीं मानते, बल्कि शरीयत कानून लागू करना चाहते हैं। भाजपा नेता ने आगे पूरे इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग सिर्फ एक समुदाय को ताकत देना चाहते हैं, न कि पिछड़े वर्गों, दलितों और महिलाओं को जैसा प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं।

## रेलवे ने लॉन्च किया सुपर मोबाइल एप

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने मंगलवार को अपना नया रेल ऑनलाइन एप लॉन्च कर दिया है। इस सुपरएप की शुरुआत रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। यह एप रेलवे की सभी सार्वजनिक सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर लाकर यूजर्स को सुविधाएं देने वाला है। इसमें टिकट बुकिंग, पीएनआर स्टेटस चेक, टिकट रिफंड और ट्रेन में खाना ऑर्डर करने जैसी कई सेवाएं मिलेंगी। यह एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। यह वही एप है जिसे फरवरी में स्व रेल एप के रूप में बीटा वर्जन में पेश किया गया था और अब इसका फाइनल वर्जन लॉन्च कर दिया गया है।

## मुझे बेवजह प्रताड़ित किया जा रहा है : संपतिया उईके

**भोपाल।** जल जीवन मिशन से जुड़े 1000 करोड़ रुपये की घूस लेने के गंभीर आरोपों पर मंत्री संपतिया उईके ने सफाई दी है। मंत्री उईके ने कहा कि मैं जनता की सेवा कर रही हूं। इस मामले में मेरा जवाब मुख्यमंत्री देंगे। मुझे बेवजह प्रताड़ित किया जा रहा है। हमारी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार है और यदि किसी के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो उसकी जांच जरूर होती है। मंत्री उईके ने बताया कि वह इस मुद्दे को कैबिनेट बैठक में भी उठाएंगी और प्रेस वार्ता कर एक-एक सवाल का जवाब देंगी।

दरअसल, मध्यप्रदेश की आदिवासी मंत्री संपतिया उईके पर जल जीवन मिशन से जुड़े 1000 करोड़ रुपये की घूस लेने के गंभीर आरोप लगे हैं। ये आरोप पूर्व विधायक किशोर समरीते ने लगाए हैं, जिनकी शिकायत के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद मध्यप्रदेश सरकार ने खुद अपनी मंत्री के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। अब पीएचई विभाग के अधिकारी पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। यह गंभीर आरोप पूर्व विधायक किशोर समरीते द्वारा पीएम को भेजे गए पत्र से सामने आए हैं। 12 अप्रैल को भेजी गई इस शिकायत में कहा गया है कि मंत्री ने मिशन से एक हजार करोड़ की कमीशन वसूली की है।

## दिल्ली में पुराने वाहनों को फ्यूल नहीं

### पुलिस ने दो बाइक की जब्त, पेट्रोल पंपों पर टीमें तैनात, आप का रिएक्शन




**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आज से अपनी उम्र पूरी कर चुके वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने एक पेट्रोल पंप से दो एंड-ऑफ-लाइफ वाहन (ईएलवी) जब्त किए हैं। राजधानी के पेट्रोल पंपों पर एआई कैमरे और यातायात पुलिस को तैनात किया गया है।

परिवहन विभाग ने अपने संगठन, दिल्ली पुलिस, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मियों को शामिल करते हुए एक तैनाती योजना तैयार की है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने कहा कि यहां से दो मोटरसाइकिल जब्त की गई है। दिशा-निर्देशों के अनुसार, हम इन्हें पंजीकृत वाहन स्क्रैपर को सौंप देंगे। इसके बाद, वाहन के मालिक को नियमों के अनुसार स्क्रैप मूल्य दिया जाएगा।

उम्र पूरी कर चुके वाहनों को ईंधन नहीं दिए जाने पर आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि क्या उनके पास पुराने वाहनों को रोकने का कोई और तरीका नहीं था? अब जबकि मानसून दिल्ली में आ गया है, तो क्या वे कृत्रिम बारिश के लिए कोई पायलट प्रोजेक्ट चलाएंगे? आपने (भाजपा) छोटे-मोटे गड्ढे तो भर दिए, लेकिन बड़े गड्ढों को वैसे ही छोड़ दिया। वे नहीं जानते कि सरकार कैसे चलानी है। वायु प्रदूषण को नियंत्रण में रखने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली के सभी पेट्रोल पंपों को अपनी निर्धारित उम्र पूरा कर चुके वाहनों को पेट्रोल और डीजल नहीं देने का निर्देश दिया है। इसे लागू करने के लिए परिवहन विभाग ने दिल्ली पुलिस, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मियों को शामिल करते हुए एक विस्तृत योजना तैयार की है। इसके तहत दिल्ली पुलिस के जवान 1 से 100 नंबर वाले पेट्रोल पंपों पर तैनात रहेंगे, जबकि परिवहन विभाग 101 से 159 नंबर वाले ईंधन स्टेशनों पर 59 विशेष टीमें तैनात करेगा। प्रत्येक 350 चिन्हित पेट्रोल पंप पर एक यातायात पुलिस अधिकारी तैनात किया जाएगा, पुराने वाहनों पर निगरानी रखेगा। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रत्येक पेट्रोल पंप पर दो अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे।

# नगरीय क्षेत्र में प्रातः 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक भारी वाहनो का प्रवेश वर्जित

## कलेक्टर ने जारी किया आदेश,परसौना से पॉवर प्लांट तक स्ट्रीट लाईटें लगाने का निर्देश

**सिंगरौली।** वर्तमान में सिंगरौली जिला अंतर्गत सड़क मार्ग से होकर कोयला, राखड़, गिट्टी एवं बालू आदि का परिवहन करने वाले भारी वाहनों के आवागमन के कारण प्राय: हाने वाली सड़क दुर्घटनाओं से जन-धन की हानि तथा आमजन को हो रही असुविधा एवं निर्मित हो रही कानून व्यवस्था के दृष्टिगत ऐसे वाहनों का परिवहन विनियमित किये जाने के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गए है। साथ ही इस परिपेक्ष्य में जारी पूर्ववर्ती प्रतिबंधात्मक आदेशों में यथाप्रस्तावित संशोधन परिवर्धन किया जाना प्रासांगिक है।

उक्त के दृष्टिगत रखते हुयें कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला, द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत तत्काल प्रभाव से इस आशय का निर्देश जारी किया गया है कि परसौना से रजमिलान मुख्य मार्ग में बंधौरा पॉवर प्लांट से कोयला परिवहन करने वाले वाहनों से रात्रि के समय में अंधेरा होने के कारण सड़क दुर्घटनाए हो रही है उक्त सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। बंधौरा पॉवर प्लांट की स्वामी कंपनी महान एंर्जन लिमिटेड द्वारा उक्त सड़क मार्ग में परसौना से पॉवर प्लांट तक पर्याप्त स्ट्रीट लाईटें लगवाया जाना सुनिश्चित करें।परसौना से रजमिलान बंधौरा मार्ग पर परिवहन करने वाले लोड एवं खाली दोनों प्रकार के वाहनों को आते जाते समय 10-10 के समूह में आगे एवं पीछे कॉनवाय



वाहन अनिवार्य रूप से चलाया जाये एवं वाहनों की अधिकतक स्पीड 20 किलोमीटर प्रति घंटा सुनिश्चित की जावे।जारी आदेश में बरगवां गडेरिया कॉनवाय पांइट से बंधौरा गड़ाखाड़ बाजार तक कोयला, राखड़ एवं गिट्टी बालू इत्यादि का परिवहन करने वाले तथा अन्य सभी प्रकार के भारी वाहन तथा खाली भारी वाहनों का बरगवां गडेरिया कॉनवाय पांइट से बंधौरा गड़ाखाड़ बाजार तक कोयला, राखड़ एवं गिट्टी बालू इत्यादि का परिवहन करने वाले तथा अन्य सभी प्रकार के भारी वाहन तथा खाली भारी वाहनों का प्रवेश में दिए गए विवरण अनुसार प्रतिबंधित किया जाकर नो इंट्री का समय निर्धारित किया जाता है।

### नो इंट्री का समय निर्धारित

जिसके तहत तेलाई मोड़ काचन नदी पुल के पास नवानगर, जंयत की ओर तथा बैढ़न विन्ध्यनगर की ओर नो इन्ट्री प्रात: 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रभावशील रहेगी। जयंत तिराहा बस पड़ाव के पास निगाही,नवानगर, माजन मोड़, बैढ़न परसौना की ओर प्रात: 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक तथा इंदिरा चौक लेवर गेट के पास से बैढ़न माजन - गनियारी तरफ एवं गनियारी तिराहा बैढ़न माजन विन्ध्य नगर की ओर नो इंन्ट्री प्रात: 7 बजे से रात्रि 11 तक प्रभावशील रहेगी। उक्त अवधि में संबंधित क्षेत्रो मे बड़े वाहनो का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होकर दिनांक31 अगस्त 2025 तक प्रभावशील रहेगा ।आदेश के उलंघन की दशा में संबंधित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 एवं अन्यसुसंगत प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# समूहो के नवीनीकरण के नाम पर बेजा वसूली के आरोप

## बीआरसी चितरंगी के इशारे पर कंप्यूटर ऑपरेटर वसूल रहा पैसा

**सिंगरौली।** जिले के विकासखंड चितरंगी अंतर्गत सो सहायता समूहो के नवीनीकरण को लेकर बीआरसी कार्यालय में एक कंप्यूटर ऑपरेटर बीआरसी के इशारे पर बेजा वसूली कर रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीआरसी कार्यालय चितरंगी में इन दिनों एमडीएम का कार्य कर रहे स्व सहायता समूहो के नवीनीकरण की प्रक्रिया चल रही है। बताया जाता है कि विकासखंड अंतर्गत जितने भी समूह एमडीएम के कार्य में लगे हुए हैं सभी का नवीनीकरण की प्रक्रिया बीआरसी कार्यालय में चल रही है। नवीनीकरण कराने के लिए जो फॉर्म अप्लाई किया जा रहे हैं। उन समूह के कर्ताधर्ताओं से खुलेआम एक कंप्यूटर ऑपरेटर पांच से 8 हजार



रुपये तक की अवैध वसूली कर रहा है। सूत्र तो यह भी दावा करते हैं कि बीआरसी के इशारे पर कमीशन की उगाही की जा रही है। बीआरसी के इस वसूली फरमान से स्व सहायता समूहो के कर्ताधर्ताओं में काफी आक्रोश दिखाई दे रहा है लेकिन अपना काम कराने के चलते कोई आवाज उठाने को तैयार नहीं है। बीआरसी के इस क्रियाकलाप को लेकर समूह संचालकों ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्यवाही की पुरजोर मांग की है। जब इस बेजा वसूली के संबंध में बीआरसी चितरंगी एलडी यादव से दूरभाष के माध्यम से जानकारी चाही गई तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई



**सिंगरौली।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिंगरौली में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस जनसुनवाई में नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर पीएस परस्ते,थाना प्रभारी विंध्यनगर श्रीमती अर्चना दिवेदी, महिला थाना प्रभारी श्रीमती प्रियंका शर्मा, उप निरीक्षक रुपा अग्निहोत्री थाना बैढ़न सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों में वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए राजपत्रित अधिकारी,थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।महिला फरियादियों की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनकी काउंसलिंग कराई गई। साथ ही, उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# कलेक्ट्रेट कार्यालय में माह के पहले दिवस वंदेमातरम का हुआ गायन



**सिंगरौली।** माह के प्रथम दिन वन्देमातरम से कार्यदिवस शुरू करने के क्रम में कलेक्ट्रेट में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया गया। सामूहिक वंदे मातरम के गायन के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, सहकारिता अधिकारी पीके मिश्रा,लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बैढ़न के व्यापारियों ने प्रशासन के रवैया पर जताई नाराजगी

## संयुक्त व्यापार मंडल बैढ़न की वार्षिक बैठक कश्यप भवन धर्मशाला में आयोजित

**सिंगरौली।** संयुक्त व्यापार मंडल बैढ़न की वार्षिक बैठक कश्यप भवन धर्मशाला में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष राजाराम केसरी के द्वारा की गई और बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा कर आगामी कार्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

उक्त बैठक में प्रमुख रूप से व्यावसायिक प्लाजा के दुकानदारों से खाली कराए गए दुकानों के 1 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। अभी तक व्यापारियों की व्यवस्था के लिए शासन एवं प्रशासन द्वारा कोई ठोस विकल्प या निर्णय नहीं लिया गया। जिससे व्यापारी काफी दुखी एवं चिंतित है। जबकि प्रशासन के द्वारा आश्वासन दिया गया था की आपको एक माह के अंदर या बहुत जल्द व्यवस्था दी



जाएगी, लेकिन 1 वर्ष बरखी मानने का समय हो गया, लेकिन अभी तक कोई व्यवस्था नहीं दी गई तथा न ही व्यवसायिक प्लाजा के निर्माण के समय जो भी अधिकारी -कर्मचारी निर्माण करने के समय शामिल थे उनके ऊपर आज तक कोई कार्रवाई भी नहीं की गई और न हीं व्यापारियों को इस संबंध में कोई जानकारी दी जा रही। आगामी 5 अगस्त को व्यापारियों ने काला दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया और इस संबंध में पुन: ज्ञापन बनाकर शासन-प्रशासन को अवगत कराया जाएगा। उक्त बैठक मे संयुक्त व्यापार मंडल के संरक्षक राम शिरोमणि गुप्ता, अध्यक्ष राजाराम केसरी, उपाध्यक्ष सुरेंद्र नोतवानी, सहित अन्य कई व्यापारी मौजूद रहे।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित न्यायाधीशगण ने किया पौधा रोपण



**सिंगरौली।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिंगरौली के अध्यक्ष हितेन्द्र सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन तथा मुख्य आतिथ्य में निर्माणाधीन जिला न्यायालय परिसर तथा न्यायाधीश आवासीय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाये जिससे जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटा जा सके। इस अवसर पर कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश प्रिवेन्द्र कुमार सेन, प्रथम जिला न्यायाधीश खालिद मोहतरम अहमद, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्रीमती कंचन गुप्ता, पंचम जिला न्यायाधीश अरुण कुमार खरादी, षष्ठम जिला न्यायाधीश राकेश कुमार कुशवाह, सप्तम जिला न्यायाधीश उमेश कुमार सोनी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिव चरण पटेल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मनोरम तिवारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट विशाल रिछारिया, सुश्री रूपा मिश्रा, सुश्री प्रिन्सू मिश्रा सुश्री सिमरन गुप्ता एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अमित शर्मा सहित जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नौकरी देने के नाम पर जीएम ने फोन-पे पर लिया साढ़े 6 लाख रूपये, कलेक्टर से शिकायत

**सिंगरौली।** एनसीएल परियोजना झिंगुरदह ओबी कपंनी कलिंगा के जीएम पर नौकरी देने के एवज में करीब साढ़े 6 लाख रूपये फोन-पे पर लिये जाने का आरोप करीब आधा दर्जन से अधिक युवको ने लगाते हुये कलेक्टर के यहां जनसुनवाई में शिकायत की गई है।

मो. साहिन, सरफराज आलम, नीरज भारती, शिवम नामदेव, जहांगीर आलम, श्यमा राज सिंह, सत्यम सिंह, गगन सिंह, अजीत सिंह ने कलेक्टर के यहां जनसुनवाई में आवेदन देते हुये बताया कि कलिंगा ओबी कंपनी के जीएम प्रशांत श्रीवास्तव के कहने पर दीपक श्रीवास्तव एवं प्रवीण कुमार श्रीवास्तव के खाते में 6 लाख 40 हजार रूपये विभिन्न माध्यमों से लिया गया। किंतु मोरवा पुलिस प्रशांत श्रीवास्तव को आरोपी नही बनाई। जबकि असली वसूलीबाज यही है।

# कलेक्टर की जन सुनवाई में 146 लोगो ने दिया अपना आवेदन

**सिंगरौली।** जिले के विभिन्न अंचलो से आयें हुयें 146 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता



दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये।जन सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता, एसडीएम सृजन बर्मा,नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, देवेन्द्र द्विवेदी, तहसीलदार सविता यादव , जिला आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संयुक्त संघर्ष मंच द्वारा रजमिलान बाजार में सड़क दुर्घटना के विरुद्ध बैठक संपन्न

**सिंगरौली।** ग्राम पंचायत रजमिलान बाजार में संयुक्त संघर्ष मंच सिंगरौली के तत्वाधान में सड़क दुर्घटना के विरुद्ध बैठक की गई। जिसमें आए दिन बैढ़न से वाया परसौना गड़ाखाड़ मार्ग पर हो रही सड़क दुर्घटना को आमजनमानस तक पहुंचाया गया और घर घर से पूर्ण समर्थन की अपील की गई एवं प्रशासन की लचर व्यवस्था पर सवाल खड़े किए गए। साथ ही अडानी कंपनी द्वारा कोल व राखड़ परिवहन का अलग से मार्ग निर्माण कराने एवं यातायात नियमों का पालन करने पर गहन चर्चा की गई। संयुक्त संघर्ष मंच सिंगरौली के बैनर तले सिंगरौली में सड़क दुर्घटना को बृहद आंदोलन किया जाना है जिसके लिए राजमिलान बाजार में आम जनमानस के बीच क्षेत्रवासियों से मुलाकात की गई और लोगों ने सड़क दुर्घटना को लेकर अपने विचार रखें यदि इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा उचित निष्कर्ष नहीं किया गया तो भविष्य में सिंगरौलीवासी सड़क दुर्घटना के विरुद्ध अपने जीवन को सुरक्षित करने में लामबंद होंगे।निरंतर बैठक कर गांव गांव तक सड़क दुर्घटना पर कैसे लगाम कसी जाए तथा कैसे जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक जनता की आहत भावनाओं को पहुंचाया जा सके जैसे ज्वलंत बिंदुओं पर चर्चा किया की गई।आज हर गांव घर परिवार के सदस्य भयभीत जीवन यापन करने को मजबूर है किसी का कोई भरोसा नहीं कब इन कालरूपी टेलर द्वारा दुर्घटना का शिकार हो जाए अब और किसी अपने घर चिराग बुझ न जाए इसके लिए अगर जनता को विवश होकर अगर सड़कों पर प्रशासन के विरुद्ध आंदोलन की परिस्थिति बनी तो निश्चित रूप से आंदोलन होगा और जब तक सार्थक परिणाम नहीं आता आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

# मिश्रा पॉलीक्लीनिक एवं नर्सिंग होम में मरीज का सफल ऑर्थोडॉन्टिक्स ट्रीटमेंट

**सिंगरौली।** रिंहदनगर बीजपुर निवासी राजनाथ सिंह (उम्र 33 वर्ष) का मिश्रा पॉलीक्लीनिक एवं नर्सिंग होम में सफल ऑर्थोडॉन्टिक्स ट्रीटमेंट किया गया। इस जटिल प्रक्रिया को डॉ. शिवानी यादव, एमडीएस (ऑर्थोडॉन्टिक्स) ने बखूबी अंजाम दिया। करीब 10 महीनों तक चले उपचार के बाद मरीज के चेहरे की बनावट में अत्यंत सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है।डॉ. शिवानी यादव ने बताया कि यह ट्रीटमेंट केवल सौंदर्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शारीरिक संतुलन, बोलचाल में स्पष्टता और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। राजनाथ सिंह ने उपचार के बाद स्वयं को पहले से अधिक संतुलित, आत्मविश्वासी और स्वस्थ महसूस किया।मिश्रा पॉलीक्लीनिक एवं नर्सिंग होम की यह उपलब्धि क्षेत्र में ऑर्थोडॉन्टिक्स उपचार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाने वाली है, जहाँ आधुनिक तकनीक और अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों को उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं।

# लायंस क्लब ऑफ बैंढ़न सिटी ने मनाया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवं सीए दिवस

**सिंगरौली।** लायंस क्लब ऑफ बैंढ़न सिटी द्वारा 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा एवं वित्तीय क्षेत्र में योगदान देने वाले विशेषज्ञों का सम्मान करना था।

इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों एवं सीए को शॉल, श्रीफल एवं सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। लायंस क्लब ऑफ बैंढ़न सिटी के नए अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनी ने कहा



कि डॉक्टर और सीए समाज की दो मजबूत स्तंभ हैं, जो मानव सेवा और आर्थिक सुदृढ़ता में अहम भूमिका निभाते हैं।लायंस क्लब ऑफ बैंढ़न सिटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सक डॉ. डीके मिश्रा, डॉ. ओपी राय, डॉ. आशीष सिंह एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए मनोरमा शाहवाल, सीए गौरव अग्रवाल, सीए मोनिका अग्रवाल, सीए विकास शुक्ला, सीए प्रतीक अग्रवाल, सीए पुरुषोत्तम गुप्ता का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में क्लब के सचिव विनय सिंह, कोषाध्यक्ष गुप्ता, एसडी सिंह, इम्तियाज अहमद, अशोक कुमार केसरी, ऋषभ अग्रवाल, पंकज शुक्ला, विवेक कुमार त्रिपाठी समेत अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण सहित स्काई लार्क पब्लिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने दोनों क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के योगदान की सराहना की और समाज के प्रति उनके समर्पण को नमन किया।यह आयोजन सेवा, सम्मान एवं सामाजिक सरोकार की भावना से प्रेरित होकर संपन्न हुआ।

## संपादकीय

### महिलाओं के प्रति प्रबल होता जा रहा हिंसा और अपराध, अपराधियों में कानून का नहीं हो रहा भय

यह चिंता दिनोंदिन गहरी होती जा रही है कि आखिर महिलाओं के प्रति हिंसा और अपराध का मानस क्यों प्रबल होता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में महिला अपराधों के खिलाफ व्यापक आंदोलन उभरने, कानूनी सख्ती और पुलिस की जवाबदेही बढ़ाए जाने के बावजूद बलात्कार, हत्या, मारपीट, छेड़खानी, फब्ती कसने जैसी प्रवृत्ति में कोई कमी दर्ज नहीं हो पाई है। राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो और महिला आयोगों के दस्तावेजों में हर वर्ष महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाएं कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज हो रही हैं। स्वाभाविक ही, इसे लेकर राज्यों की कानून-व्यवस्था पर अंगुलियां उठती हैं। पर यह सवाल अनुत्तरित है कि क्यों अपराधियों में कानून का भय पैदा नहीं हो पा रहा। कोलकाता में चिकित्सा छात्रा से बलात्कार और हत्या की घटना को लेकर लंबे समय तक आंदोलन चला, जिसमें तमाम मेडिकल कालेजों और दूसरे शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़ कर शिरकत की और बढ़ते महिला अपराधों को रोकने के नारे लगाए। राज्य सरकार ने इस मामले के मद्देनजर महिला सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के वचन दोहराए और कुछ प्रशासनिक तब्दीलियां कर ऐसे अपराधों को रोकने का दावा किया। मगर उस घटना के बाद अब एक विधि कालेज में छात्रा से सामूहिक बलात्कार का मामला सामने आ गया। जन विद्यार्थियों पर छात्रा के साथ बलात्कार का आरोप है, वे खुद कानून की पढ़ाई कर चुके या कर रहे थे। बताया जा रहा है कि लड़की ने मुख्य आरोपी के विवाह प्रस्ताव को ठुकरा दिया था, जिससे आहत होकर उसने छात्रा के साथ न केवल बलात्कार किया, बल्कि उसकी तस्वीरें भी उतारीं। धमकी दी कि अगर उसने इस बारे में किसी को बताया तो वह उन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर डाल देगा। इस मामले में ऐसा नहीं माना जा सकता कि आरोपियों को अपने अपराध में मिलने वाले दंड का अंदाजा न था। फिर भी उनमें छात्रा का बलात्कार करने की हिम्मत पैदा हुई, तो इसका पहला कारण तो यही समझ आता है कि उन्हें कानून के शिकंजे से निकल भागने का भरोसा रहा होगा। बलात्कार के ज्यादातर मामलों में आरोप सिद्ध न हो पाने के कारण आरोपी प्राय-दोषमुक्त हो जाते हैं।

**प्रथम, भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के क्षेत्र में कच्चे तेल के अपार भंडार होने का पता लगा है, कहा जा रहा है कि कच्चे तेल का यह भंडार इतनी भारी मात्रा में है कि भारत, कच्चे तेल सम्बंधी, न केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर पाएगा बल्कि कच्चे तेल का निर्यात करने की स्थिति में भी आ जाएगा। यदि भारत को कच्चे तेल की उपलब्धि पर्याप्त मात्रा में हो जाती है तो इसका प्रसंस्करण कर, डीजल एवं पेट्रोल के रूप में, पूरी दुनिया की खपत को पूरा करने की क्षमता को भी भारत विकसित कर सकता है। भारत में विश्व की सबसे बड़ी रिफाइनरी गुजरात के जामनगर में पूर्व में ही स्थापित है।**

# भारत की आर्थिक प्रगति में अब तो ईश्वर भी सहयोग कर रहा है

(प्रह्लाद सबनानी)

वर्तमान में भारत कच्चे तेल की अपनी कुल आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लगभग 42 देशों से प्रतिवर्ष आयात करता है। भारत कच्चे तेल की अपनी कुल खरीद का 46 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया के देशों से आयात करता है।

कुछ दिनों पूर्व भारत में दो विशेष घटनाएं हुईं, परंतु देश के मीडिया में उनका पर्याप्त वर्णन होता हुआ दिखाई नहीं दिया है। प्रथम, भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के क्षेत्र में कच्चे तेल के अपार भंडार होने का पता लगा है, कहा जा रहा है कि कच्चे तेल का यह भंडार इतनी भारी मात्रा में है कि भारत, कच्चे तेल सम्बंधी, न केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर पाएगा बल्कि कच्चे तेल का निर्यात करने की स्थिति में भी आ जाएगा। यदि भारत को कच्चे तेल की उपलब्धि पर्याप्त मात्रा में हो जाती है तो इसका प्रसंस्करण कर, डीजल एवं पेट्रोल के रूप में, पूरी दुनिया की खपत को पूरा करने की क्षमता को भी भारत विकसित कर सकता है। भारत में विश्व की सबसे बड़ी रिफाइनरी गुजरात के जामनगर में पूर्व में ही स्थापित है। अतः कच्चे तेल के साथ साथ डीजल एवं पेट्रोल का भी भारत सबसे बड़ा निर्यातक देश बन सकता है। जैसा कि दावा किया जा रहा है, यदि यह दावा सच्चाई के धरातल पर खरा उतरता है तो आगे आने वाले समय में भारत का विश्व में पुनः 'सोने की चिड़िया' बनना लगभग तय है। भारत आज पूरे विश्व में कच्चे तेल का चीन एवं अमेरिका के बाद सबसे बड़ा आयातक देश है और विदेशी व्यापार के अंतर्गत भी कच्चे तेल के आयात पर ही सबसे अधिक विदेशी मुद्रा खर्च हो रही है। कच्चे तेल का उत्पादन यदि भारत में ही होने लगता है तो न केवल इसके आयात पर होने वाले भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा के खर्च को बचाया जा सकेगा बल्कि पेट्रोल एवं डीजल के निर्यात से विदेशी मुद्रा का भारी मात्रा में अर्जन भी किया जा सकेगा। जिसके कारण, भारत में विदेशी मुद्रा के भंडार में अतुलनीय बचत एवं संचय होता हुआ दिखाई देगा और इस प्रकार भारत विश्व में विदेशी मुद्रा का सबसे बड़ा संचयक देश बन सकता है। वर्तमान में भारत कच्चे तेल की अपनी कुल आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लगभग 42 देशों से प्रतिवर्ष आयात करता है। भारत कच्चे तेल की अपनी कुल खरीद का 46 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया के देशों से आयात करता है। वर्तमान में भारत द्वारा कच्चे तेल एवं गैस के आयात पर 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि खर्च प्रतिवर्ष किया जा रहा है।

भारत सरकार के पेट्रोलीयम मंत्री श्री हरदीपसिंह जी पुरी ने जानकारी प्रदान की है कि अंडमान एवं निकोबार के समुद्री क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस का बहुत बड़ा भंडार मिला है। एक अनुमान के अनुसार यह भंडार 12 अरब बैरल (2 लाख करोड़ लीटर) का हो सकता है जो हाल ही में गुयाना में मिले कच्चे तेल के भंडार जितना ही बड़ा है। गुयाना में 11.6 अरब बैरल कच्चे तेल एवं गैस के भंडार पाए गए है। इस भंडार के बाद गुयाना कच्चे तेल के उत्पादन के मामले में विश्व में शीर्ष स्थान पर पहुंच सकता है जबकि अभी गुयाना का विश्व में 17वां स्थान है।

वर्ष 1947 में प्राप्त हुई राजनैतिक स्वतंत्रता के बाद के लगभग 70 वर्षों तक भारत की समुद्री सीमा की क्षमता का उपयोग करने का गम्भीर प्रयास किया ही नहीं गया था। हाल ही में भारत सरकार द्वारा इस संदर्भ में किए गए प्रयास सफल होते हुए दिखाई दे रहे हैं। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के समुद्री क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस के भारी मात्रा में जो भंडार मिले हैं उनका अन्वेषण का कार्य समाप्त हो चुका है एवं अब ड्रिलिंग का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। ड्रिलिंग का कार्य समाप्त होने के बाद कच्चे तेल एवं गैस के भंडारण का सही आंकलन पूर्ण कर लिया जाएगा। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में आधारभूत संरचना का विकास भी बहुत तेज गति से किया जा रहा है। इंडोनेशिया के सुमात्रा क्षेत्र के समुद्रीय इलाकों से भी भारी मात्रा में कच्चा तेल निकाला जा रहा है तथा भारत का अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह भी इंडोनेशिया से कुछ ही दूरी पर स्थित है। इसके कारण यह आंकलन किया जा रहा है कि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के समुद्रीय क्षेत्र में भी कच्चे तेल एवं गैस के अपार भंडार मौजूद हो सकते है। हर्ष का विषय यह भी है कि इस क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस के साथ साथ अन्य दुर्लभ भौतिक खनिज पदार्थों (रेयर अर्थ मिनरल/मेटल) के भारी मात्रा में मिलने की सम्भावना भी व्यक्त की जा रही है। भारी मात्रा में मिलने जा रहे कच्चे तेल के चलते भारत अपनी परिष्करण क्षमता को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। चूंकि चीन ने कुछ दुर्लभ भौतिक खनिज पदार्थों का भारत को निर्यात करना बंद कर दिया है अतः भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में इन पदार्थों का मिलना भारत के लिए बहुत बड़ी खुशखबर है। पूर्व में भी भारत में कच्चे तेल एवं गैस के भंडार का पता चला था, जैसे बॉम्बे हाई, काकीनाड़ा, बलिया एवं समस्तिपुर, आदि। इन समस्त स्थानों पर कच्चे तेल को निकालने के संबंच में आवश्यक कार्य प्रारम्भ हो चुका है। दरअसल, इस कार्य में पूंजीगत खर्च बहुत अधिक मात्रा में होता है। जापान, रूस एवं अमेरिका से तकनीकी सहायता प्राप्त करने के लिए इन देशों की बड़ी कम्पनियों के साथ करार करने के प्रयास भी भारत सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। भारत का समुद्रीय क्षेत्र 5 लाख किलोमीटर का है। इसी प्रकार, पश्चिम बंगाल के समुद्रीय इलाके में भी खोज जारी है एवं इस क्षेत्र में भी कच्चे तेल एवं गैस के भंडार मिलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अंडमान एवं निकोबार क्षेत्र में कच्चे तेल का उत्पादन प्रारम्भ होने के पश्चात आगामी लगभग 70 वर्षों तक भारत को कच्चे तेल के आयात की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

द्वितीय शुभ समाचार यह प्राप्त हुआ है कि भारत के कर्नाटक राज्य में कोलार क्षेत्र में स्थित अपनी सोने की खदानों में भारत एक बार पुनः खनन की प्रक्रिया को प्रारम्भ करने के सम्बंध में विचार कर रहा है। कोलार गोल्ड फील्ड (केजीएफ) को वर्ष 2001 में खनन की दृष्टि से बंद कर दिया गया था। परंतु, अब 25 वर्ष पश्चात स्वर्ण की इन खदानों में खनन की प्रक्रिया को पुनः प्रारम्भ किए जाने के प्रयास किए जा रहे है। इस संदर्भ में कर्नाटक सरकार ने भी अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। आज पूरे विश्व में सोने की कीमतें आसमान छूते हुए दिखाई दे रही है और विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने सोने के भंडार में वृद्धि करते हुए दिखाई दे रहे हैं क्योंकि अमेरिकी डॉलर पर इन देशों का विश्वास कुछ कम होता जा रहा है। बहुत सम्भव है कि आगे आने वाले समय में अमेरिकी डॉलर के बाद एक बार पुनः स्वर्ण मुद्राएं ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले व्यापार के भुगतान का माध्यम बनें। ऐसे समय में भारत के कोलार क्षेत्र में स्थित स्वर्ण की खदानों में एक बार पुनः खनन की प्रक्रिया को प्रारम्भ करना एक अति महत्वपूर्ण निर्णय कहा जा सकता है। कोलार स्थित स्वर्ण की इन खदानों में 750 किलोग्राम स्वर्ण की प्राप्ति की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। प्राचीन काल में कोलार गोल्ड फील्ड को गोल्डन सिटी आफ इंडिया कहा जाता था। प्राचीन काल में में भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। एक अनुमान के अनुसार, भारतीय महिलाओं के पास 25,000 से 26,000 टन स्वर्ण का भंडार है। यह भी कहा जा रहा है कि भारत की महिलाओं के पास स्वर्ण का जितना भंडार है लगभग उतना ही भंडार पूरे विश्व में अन्य देशों के पास है। अर्थात, पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण का आधा भाग भारतीय महिलाओं के पास आज भी उपलब्ध है। ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत में स्थापित अपनी सत्ता के खंडकाल के दौरान लगभग 900 टन स्वर्ण, कोलार की खदानों से निकालकर, ब्रिटेन लेकर जाया गया था। भारत की केंद्रीय बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक, के पास आज 880 टन स्वर्ण के भंडार हैं, जो कि भारत के 69,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार का 12 प्रतिशत हिस्सा है। हाल ही के समय में विदेशी निवेशकों का भारत पर विश्वास बढ़ा है अतः भारत का स्वर्णिम काल पुनः प्रारम्भ हो रहा है। विश्व के विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास आज 36,000 टन स्वर्ण का भंडार हैं, जबकि इनमे से कई देशों के केंद्रीय बैंक अभी भी स्वर्ण की खरीदी करते जा रहे हैं। स्वर्ण भंडार की दृष्टि से भारत का आज विश्व में 8वां स्थान है। चीन एवं रूस स्वर्ण के सबसे बड़े उत्पादक देश हैं फिर भी ये दोनों देश स्वर्ण का आयात भी जारी रखे हुए हैं। लगातार, पिछले 3 वर्षों से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक लगभग 1,000 टन स्वर्ण की खरीद प्रतिवर्ष कर रहे हैं। स्वर्ण की खरीदी का यह कार्य रुकने वाला नहीं है आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा। अतः भारत सरकार द्वारा भी कोलार गोल्ड फील्ड में स्वर्ण के खनन का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। स्वर्ण के भंडार बढ़ने के साथ भारत, रुपए का अंतरराष्ट्रीयकरण कर सकता है। साथ ही, स्वर्ण के भंडार बढ़ने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की कीमत भी बढ़ती जाएगी। कुल मिलाकर, अब यह कहा जा सकता है कि ईश्वरीय कृपा से एवं उक्त कारणों के चलते भारत को विश्व में एक बार पुनः सोने की चिड़िया बनाया जा सकता है।

# विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चला 'पेंशन दांव'

(विनोद पाठ

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देश के ऐसे राजनेताओं में शुमार हैं, जो राजनीति में अपने मास्टर स्ट्रोक के लिए जाने जाते हैं। उन्हें यूं ही राजनीति का चाणक्य नहीं कहा जाता। वो नौवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं। हर बार विधानसभा चुनाव में वो ऐसा कुछ कर जाते हैं, जो बिहार की सियासत के गलियारे में भूचाल ला देती है। पक्ष-विपक्ष कहिए या फिर हरदम साये की तरह साथ रहने वाले उनके सहयोगियों को भी उनकी चाल का पता नहीं रहता। वे कब, कौन-सा दांव खेल जाएंगे? यह केवल उन्हें ही पता रहता है।

हाल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बड़ा सामाजिक और राजनीतिक दांव खेला है। विपक्षी पार्टियां इसपर खूब हो-हल्ला कर रही हैं। उनके नेताओं का कहना है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री ने ऐसा किया है।

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में बदलाव-** बिहार में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक-एक कर अपने तुरुप के पत्ते निकालते जा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से मिलने वाली पेंशन राशि को ढाई गुना से अधिक बढ़ा दी है। अब सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को हर महीने 400 रुपए की जगह 1100 रुपए पेंशन राशि मिलेगी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की न सिर्फ राशि बढ़ाई है, बल्कि सामाजिक-राजनीतिक दांव चलकर अपने विरोधियों को चारों खाने चित्त कर दिया है। इस दांव ने मुख्यमंत्री की छवि में चार चांद लगा दिया है। सरकारी कर्मियों को छोड़कर यह योजना सीधे तौर पर बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को साधती है, जो बिहार का एक बड़ा मतदाता वर्ग है।

इस योजना से मुख्यमंत्री को अपने सामाजिक न्याय और कल्याण की छवि को और अधिक मजबूत करने का मौका मिलेगा। साथ ही, इससे आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भी फायदा होगा। चुनाव के समय प्रचार के दौरान विपक्षी दलों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनेगा।



सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई पेंशन राशि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है, क्योंकि इस योजना के तहत 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को सीधा फायदा होगा। साथ ही, लाभार्थियों से जुड़े लोग या उन पर आश्रित परिजन भी इस योजना का भरपूर लाभ उठाएंगे।

400 रुपए की जगह अब हर महीने 1100 रुपए मिलने से लाभार्थियों को जरूरत के सामानों को खरीदने में आसानी होगी। उन्हें रोजमर्रा के सामान को खरीदने के लिए किसी पर आश्रित नहीं रहना पड़ेगा। उनके जीवन स्तर में काफी सुधार होगा। इस योजना से एक बड़ी आबादी को फायदा होगा, जिससे सत्ता पक्ष को वोटबैंक की राजनीति में मदद मिल सकती है।

**कई वर्गों पर इस दांव का सीधा असर-** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई पेंशन राशि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के तरकश से निकला हुआ वह तीर है, जो ग्रामीण और शहरी इलाकों में रहने वाले बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को सीधे साधता है, जो बिहार का एक बड़ा मतदाता वर्ग है। 1100 रुपए की बढ़ी हुई पेंशन राशि से बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। अगर एक ही घर में इस योजना के कम-से-कम दो लाभार्थी भी हैं तो महीने में उनके यहां 1100-1100 यानी 2200 रुपए मिलेंगे। पेंशन बढ़ोतरी से इस योजना के लाभार्थियों को महंगाई में बड़ी मदद मिलेगी, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में आसानी होगी।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत बढ़ी हुई राशि देने की मंजूरी कैबिनेट से मिल गई है। अगले महीने यानी जुलाई से इस योजना के लाभार्थियों को बढ़ी हुई पेंशन राशि मिलने लगेगी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा है कि हर महीने के 10 तारीख को लाभार्थियों को बढ़ी हुई पेंशन राशि मिल जाएगी। वृद्धजन समाज का अनमोल हिस्सा हैं और उनका सम्मानजनक जीवन-यापन सुनिश्चित करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील रहेगी। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। आगामी अक्टूबर-नवंबर में बिहार में विधानसभा चुनाव की संभावना है और जुलाई से इस योजना के लागू होने से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राजनीतिक और सामाजिक दोनों मोर्चों पर लाभ मिल सकता है।

दरअसल, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव में महिलाएं गेम चेंजर साबित हुई थीं। उन्होंने पासा पलट दिया था। यही कारण है कि राजनीतिक दलों का फोकस महिला वोटरों पर चला गया है, जिन्हें साइलेंट वोटर भी कहा जाता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी राजनीति के इस दांव से भली-भांति परिचित हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने विद्यार्थी जीवन से लेकर राजनीतिक क्षेत्र तक एक इंजीनियर की तार्किक सोच और सामाजिक कार्यकर्ता की संवेदनशीलता को मिलाकर बिहार में व्यापक परिवर्तन लाने का काम किया है। उन्होंने कानून-व्यवस्था, शिक्षा, सड़क निर्माण और महिला सशक्तीकरण में ठोस योगदान किया।

उनकी राजनीतिक सूझबूझ ने उन्हें एक रणनीतिक नेता बनने में मदद की है। यही कारण है कि पिछले 20 वर्षों से नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यू) बिहार में एक ऐसी शक्ति बनी हुई है, जिसके बिना न तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बना सकती है और न ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद), यही कारण है कि सीटें किसी भी पार्टी की ज्यादा हों, मुख्यमंत्री की कुर्सी नीतीश कुमार को ही मिलती है। पिछले चुनाव में राजद के नेतृत्व में महागठबंधन और एनडीए के बीच बेहद कड़ा मुकाबला हुआ था। बहुमत से कुछ ही सीटें ज्यादा लेकर नीतीश मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन इस बार वो कोई भी गुंजाइश छोड़ना नहीं चाहते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का महिलाओं को भत्ता और पेंशन दांव विपक्ष के महागठबंधन को निश्चित रूप से परेशान करने वाला है। यह लेखक के निजी विचार हैं।

## वर्ग पहेली 5779

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | ■ | 4 | |
| 5 | | ■ | 6 | | 7 | | ■ |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | 10 |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | |
| 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 | |
| | ■ | ■ | | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | 19 | 20 | ■ | | ■ | 22 | 23 |
| ■ | 24 | | | | ■ | 25 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. यह वेस्टइंडीज के ग्रेटर एण्टीलीज समूह का एक द्वीप है जिसकी राजधानी किंगस्टन है (3)
4. पुराणानसुार यह राजा ययाति का पुत्र था, दिवंगत अभिनेता राजकुमार का अभिनेता पुत्र (2)
5. मालिका, फूलों का हार (2)
6. जिसकी सभी सतह समान हों, हमवार (4)
8. चितवन चंचल करना, नेत्र मुद्रा करना, आंख मटकाना (5)
11. अनश्वर, अविचल (3)
12. शोभा, सजधज, कढ़ाई काम (4)
14. पुराणानुसार सात पातालों में से पहला, पेंदा, नीचे की सतह (2)
15. गौरव, दृढ़ प्रतिज्ञा (2)
16. नियम, कानून-कायदे (अंग्रेजी)(2)
17. प्रभाव, लक्षण (2)
18. अस्तित्व, मोजदूगी, विद्यमानता (3)
22. ग्राम, देहात, खेड़ा (2)
24. भय या शर्म के कारण कांप उठना (4)
25. धैर्य, धीरज, स्थित चित्त (2)

**ऊपर से नीचे**
1. एकत्रित, संग्रहित, इकटठा किया हुआ (2)
2. फणीश्वर नाथ रेणु की इस सुप्रसिद्ध उपन्यास का प्रथम प्रकाशन 1954 में हुआ था (3)
3. कमल पर विराजित होने के कारण ब्रह्मा का एक नाम यह भी है (5)
4. ब्रिज, सेतु (2)
6. सत्य, हकीकत, यथार्थ, असलीयत (2)
7. कलह, वैमनस्य (3)
9. अकल्याणकारी, अहितकारी, दुर्जन (2)
10. जिसे टाला न जा सकें, स्थायी (3)
11. इसलिए, इस कारण, इस निमित्त (4)
13. ये भारतीय संसद के निम्न सदन लोसकभा सुल्तानपुर के सदस्य है (5)
15. किसी वस्तु को पाने की आकांक्षा (2)
19. कार्य या शक्ति का मात्रक (2)
20. भाव, मूल्य, निर्ख, दहलीज (2)
21. इनामल, मद्य कुंभ (2)
23. देवता आदि से मांगा हुआ मनोरथ (2)

### वर्ग पहेली 5778 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बो | लि | वि | या | ■ | प | ला | ऊ |
| ल | ■ | का | म | ■ | स | मा | न |
| ती | त | र | ■ | कु | ली | ■ | ■ |
| बं | क | ■ | गु | रू | ■ | ग | प |
| द | री | ■ | म | रा | ठी | ■ | ह |
| क | र | वा | ■ | ज | क | ड़ | ना |
| र | ■ | र | फू | ■ | आ | ■ | वा |
| ना | च | ना | ■ | म | ना | ली | ■ |

# सच्ची आज़ादी अपने भीतर से मिलती है

(सुंदरचंद ठाकुर)

आज़ादी एक शब्द नहीं, एक अनुभव है। और यह अनुभव हर किसी के लिए अलग होता है। हम सबने बचपन से आज़ादी के नारों को सुना है, देश की, समाज की, विचारों की। लेकिन उम्र के साथ धीरे-धीरे समझ आने लगता है कि बाहर की आज़ादी जितनी ज़रूरी है, उससे कहीं ज़्यादा ज़रूरी भीतर की आज़ादी है। क्योंकि बाहर की बेड़ियां कोई और खोल सकता है, पर भीतर की बेड़ियां तो हमें खुद खोलनी पड़ती हैं।

आजादी का असली मतलब क्या है? क्या यह केवल अपनी मर्ज़ी से जी पाने का नाम है? क्या यह केवल अधिकारों और विकल्पों की बात है? या फिर यह उस पल का नाम है जब आप अपने भीतर के डर, अपराधबोध, अपेक्षाओं और दबावों से मुक्त हो जाते हैं? अक्सर लोग कहते हैं मैं अपनी मर्ज़ी से जीता हूं। पर क्या सच में? क्या हम मर्ज़ी से सोचते हैं? क्या हम मर्ज़ी से दुखी होते हैं? क्या हम मर्ज़ी से गुस्सा करते हैं, जलते हैं, डरते हैं? हमारी सबसे बड़ी ग़ुलामी वह है, जिसकी हमें ख़बर भी नहीं होती। हम अपने पुराने अनुभवों, बचपन की सीखों, समाज की शर्तों और रिश्तों की अपेक्षाओं से इस कदर बंधे होते हैं कि हम आज़ाद होकर भी भीतर से जकड़े होते हैं। कई बार एक आदमी ऊँचे ओहदे पर होता है, पैसा भी होता है, सब आज़ादी होती है, पर फिर भी वह रात में चैन से नहीं सो पाता। क्योंकि उसके भीतर कोई टूटी हुई आवाज़, कोई न पूरी हो पाई ख्वाहिश या कोई दबा हुआ डर, उसे हर पल याद दिलाता है कि तू आज़ाद नहीं है।

सच्ची आज़ादी तब आती है जब हम अपनी सोच के पुराने ढांचे को तोड़ते हैं। जब हम यह मानने लगते हैं कि मैं जैसा हूं, मुझे वैसा ही स्वीकार है। जब हम दूसरों को खुश करने की मजबूरी से बाहर निकलते हैं, जब हम 'कैसा दिखना चाहिए' से ज़्यादा 'कैसा हूं' की ईमानदारी में जीना शुरू करते हैं। भीतर की आज़ादी यह नहीं कहती कि आप ज़िम्मेदारियों से भागो। वह तो आपको उन ज़िम्मेदारियों को निभाने की ताक़त देती है। वह आज़ादी आपको अपनी बात कहने का साहस देती है, पर चुप रहने की समझ भी देती है। वह आपको उड़ना सिखाती है, पर जड़ों से जुड़कर। महात्मा बुद्ध ने जब राजमहल छोड़ा, तो उन्होंने सत्ता नहीं छोड़ी ङ्क उन्होंने अपने भीतर के भ्रम छोड़े। उन्होंने सवाल पूछे ङ्क मैं कौन हूं?, मैं क्यों दुखी हूं?, मैं कैसे आज़ाद हो सकता हूं? उनकी आज़ादी इस बात में नहीं थी कि उन्होंने सब कुछ त्याग दिया बल्कि इस बात में थी कि उन्होंने वह सब त्याग दिया जो उन्हें खुद से दूर ले जा रहा था।

आज भी वही प्रश्न हमारे सामने है कि क्या हम वो जीवन जी रहे हैं जो हमारे भीतर के सच के अनुकूल है? या फिर हम सिर्फ़ वो रोल निभा रहे हैं जो समाज ने हमें दे दिए हैं? भीतर की आज़ादी किसी दस्तावेज़ से नहीं मिलती। वह एक साधना है ङ्क हर रोज़ खुद से मिलते रहने की, खुद को टटोलते रहने की। यह पूछने की कि क्या मैं वही हूं, जो मैं दिखा रहा हूं? और जब एक दिन इसका उत्तर 'हां' में आता है, वही दिन होता है जब आप आज़ाद होते हैं। असली आज़ादी कोई दे नहीं सकता। वो तो भीतर पैदा होती है और जब होती है, तो सारा जीवन उसका उत्सव बन जाता है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# आज का राशिफल

### मेष
आज उत्साह और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन सराहनीय होगा और वरिष्ठ आपसे प्रसन्न रहेंगे। कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है या पुराना रुका हुआ कार्य आगे बढ़ेगा। आर्थिक दृष्टि से दिन लाभदायक है, निवेश से भी फायदा मिल सकता है। परिवार में सुखद माहौल रहेगा, लेकिन अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें।

### वृष
आज अपनी योजनाओं में थोड़ा बदलाव करना पड़ सकता है। कार्यस्थल पर किसी सहयोगी से असहमति हो सकती है, लेकिन बातचीत से समाधान निकलेगा। परिवार में किसी सदस्य की सलाह से लाभ होगा। आर्थिक दृष्टि से दिन सामान्य है, खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखें। कोई पुराना दोस्त आज संपर्क कर सकता है जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी।

### मिथुन
आज दिन मिलाजुला रहेगा। काम में मन लगेगा, लेकिन समय प्रबंधन की कमी के कारण थोड़ी परेशानी हो सकती है। आप जितनी मेहनत करेंगे, परिणाम उतने बेहतर मिलेंगे। पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा, लेकिन किसी बुजुर्ग की तबीयत चिंता का कारण बन सकती है।

### कर्क
आज आपको थोड़ा अस्थिर कर सकते हैं। निजी संबंधों में पारदर्शिता जरूरी होगी, वर्ना गलतफहमियां बढ़ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसके लिए आप पहले से तैयार नहीं होंगे, लेकिन अंततः आप उसे सफलतापूर्वक निभाएंगे।

### सिंह
आज जो काम लंबे समय से अटके हुए थे, उनमें गति आएगी। पदोन्नति या प्रशंसा के योग हैं। परिवार में किसी मांगलिक कार्य की चर्चा हो सकती है। प्रेम जीवन में नई शुरुआत हो सकती है या किसी पुराने संबंध को नया रूप मिलेगा। पैसों की स्थिति मजबूत रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, लेकिन बाहर के खाने से परहेज करें।

### कन्या
आज काम में एकाग्रता की कमी महसूस होगी, जिससे कार्यों में देरी हो सकती है। ध्यान और संयम जरूरी है। परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक शांति मिलेगी। आर्थिक रूप से कोई बड़ा निर्णय न लें, निवेश टालना उचित रहेगा। प्रेम संबंधों में संवाद बनाए रखें।

### तुला
आज कोई बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है, विशेषकर करियर या वित्त से जुड़ा हुआ। भरोसेमंद लोगों की सलाह अवश्य लें। नौकरी में बदलाव का विचार भी मन में आ सकता है। घर में किसी सदस्य के साथ भावनात्मक चर्चा हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रेम जीवन स्थिर रहेगा।

### वृश्चिक
आज रचनात्मक कार्यों की ओर आकर्षित रहेगा। नई योजनाओं पर कार्य करना लाभदायक होगा। व्यापार में वृद्धि के संकेत हैं। परिवार में प्रेम और अपनापन महसूस होगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार मिल सकता है। लव लाइफ में मधुरता बनी रहेगी।

### धनु
आज दिन यात्रा या बाहर जाने के लिए शुभ नहीं है, विशेष रूप से अगर वह कार्य से जुड़ी हो। घर में आराम करना और भविष्य की योजना बनाना लाभदायक रहेगा। कार्यक्षेत्र में सामान्य गति बनी रहेगी, लेकिन नई जिम्मेदारियां आने वाली हैं। आर्थिक रूप से दिन सामान्य रहेगा। प्रेम संबंधों में थोड़ी दूरी बन सकती है।

### मकर
आज दिन जिम्मेदारियों से भरा रहेगा। काम को लेकर थोड़ा दबाव महसूस कर सकते हैं, लेकिन आप उसे सही तरीके से मैनेज करेंगे। घर में किसी निर्णय को लेकर चर्चा हो सकती है। निवेश के लिए समय अच्छा है। आप दोनों समझदारी से उसका समाधान निकाल सकते हैं। सेहत में सुधार रहेगा।

### कुंभ
आज आप आत्मविश्लेषण के मूड में रहेंगे। पुराने अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ने का सही समय है। किसी करीबी से बातचीत आपकी सोच में बदलाव ला सकती है। आर्थिक दृष्टि से दिन ठीक-ठाक रहेगा। कोई महंगी चीज खरीदने का विचार मन में आ सकता है। प्रेम जीवन अच्छा रहेगा और पार्टनर से भावनात्मक सहयोग मिलेगा। त्वचा या एलर्जी से संबंधित परेशानी हो सकती है।

### मीन
आज किसी मंदिर या धार्मिक स्थान पर जाने का योग है। नौकरी में तरक्की के संकेत हैं। जो लोग कला, लेखन या अभिनय क्षेत्र में हैं, उन्हें कोई बड़ा मौका मिल सकता है। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। प्रेम संबंधों में रोमांस बढ़ेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा, लेकिन नींद पूरी करें।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन में घुसा और छिड़क दिया नशीला पदार्थ, यात्री बेहोश, ब्लॉगर का आईफोन लेकर भागा चोर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर कनिका देवरानी ने दिल्ली से गुवाहाटी जा रही ब्रह्मपुत्र मेल में चोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 2एसी कोच में नशीला पदार्थ छिड़ककर इस वारदात को अंजाम दिया गया। कनिका ने बताया कि यह घटना पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी जंक्शन पर ट्रेन रुकने के दौरान हुई। उनके अनुसार, एक अनजान व्यक्ति ने उनके ऊपरी बर्थ पर कोई नशीला पदार्थ छिड़का, जिससे वह और अन्य यात्री बेहोश हो गए। इसके बाद कनिका का आईफोन 15 प्रो मैक्स चोरी हो गया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में दावा किया कि वह शख्स बिना टिकट के कोच में घुस आया, जो रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाता है। कनिका देवरानी ने फाइंड माय डिवाइस ऐप के जरिए अपने फोन की लोकेशन पश्चिम बंगाल के मालदा में ट्रेस की। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पश्चिम बंगाल पुलिस और मालदा पुलिस को टैग कर साझा की। उन्होंने पुलिस और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स पर सहायता न करने का आरोप लगाया। रेलवे सेवा ने उनके वीडियो के जवाब में ट्वीट कर कहा कि मामले को संबंधित अधिकारी के पास आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया है। ब्लॉगर कनिका ने कहा कि फर्स्ट कैटेगरी एसी टिकट न मिलने के कारण उन्होंने 2एसी में यात्रा की। मगर, इसका अनुभव तो रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाने वाला है। इस घटना ने सोशल मीडिया पर यात्रियों, खासकर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। कई यूजर्स ने 2एसी कोच में सीसीटीवी कैमरे लगाने और अनियोजित स्टॉप पर गश्त बढ़ाने की मांग की है। एक यूजर ने कमेंट किया, यह भारत की कड़वी सच्चाई है, जो कि बहुत दुखद है। एक अन्य ने सवाल उठाया कि क्या रेलवे कर्मचारियों की निगरानी में भी कोई बिना टिकट 2एसी कोच में आसानी से घुस सकता है। इस घटना ने रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं और लोग तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### बीजेपी से इस्तीफा देने की राजा ने बताई वजह, बोले- तेलंगाना में हिंदू-मुस्लिम भाई-भाई की राजनीति नहीं चलती

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना की गोशामहल सीट से विधायक और फायरब्रैंड नेता टी राजा सिंह ने बीजेपी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी नेता रामचंदर राव को तेलंगाना बीजेपी प्रमुख नियुक्त किए जाने की संभावना की मीडिया रिपोर्ट के बाद यह कदम उठाया है। इस्तीफे के पीछे की वजह बताते हुए राजा सिंह ने कहा कि तेलंगाना में हिंदू-मुस्लिम भाई-भाई की राजनीति नहीं चलती है। यहां पर अग्रेसिव अध्यक्ष की जरूरत है। हमारा पार्टी में दम घुट रहा था, इसलिए राम-राम कर दिया। टी राजा सिंह ने एएनआई से कहा, तेलंगाना में बीजेपी सरकार तभी बनेगी, जब हर कार्यकर्ता और नेता सही तरीके से काम करेगा। आज हर कार्यकर्ता बूथ लेवल पर काम कर रहा है, लेकिन जब कोई बड़े पद का चयन होने का समय आता है या बीजेपी तेलंगाना अध्यक्ष का समय आता है तब पार्टी यह नहीं सोचती कि कैसा अध्यक्ष बनाना चाहिए। हमें एक ऐसा अध्यक्ष चाहिए जो अग्रेसिव हो। तेलंगाना में हिंदू-मुस्लिम भाई-भाई की राजनीति नहीं चलती है। जो हिंदुत्व की बात करता है तेलंगाना की जनता उसे सिर पर बैठाकर आगे चलती है। उन्होंने आगे कहा कि 2014 से लेकर आज तक इतने तकलीफों का सामना हम लोगों को करना पड़ रहा है पार्टी के अंदर। मुझे, मेरी विधानसभा, जिले को टारगेट करना, आखिर कितने साल तक सहूं मैं जुल्म। तेलंगाना की जनता पीएम मोदी, अमित शाह के मार्गदर्शन पर चलने को तैयार है।

### भारत सरकार लिखी गाड़ी, जमकर रौब, मुंबई से फर्जी आईएएस अधिकारी गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस ने भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी के फर्जी दस्तावेज लेकर घूमने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी खुद को आईएएस अधिकारी बताकर कस्टम गेस्ट हाउस में रुका था। इतना ही नहीं वह भारत सरकार की नेम प्लेट वाली गाड़ी का भी इस्तेमाल करता था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को जब इस घटनाक्रम का पता चला तो शनिवार को उसे मलाड इलाके में एक होटल के बाहर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान बिहार निवासी 32 वर्षीय चंद्रमोहन सिंह के रूप में हुई है। गिरफ्तार करने के दौरान उसने अपने आप को गृह मंत्रालय से संबंधित बताते हुए उसने एक फर्जी पहचान पत्र भी दिखाया। बाद में जब सख्ती से पूछताछ की गई तो वह टूट गया और उसने दस्तावेजों के जाली होने की बात को कबूल कर लिया। पुलिस को उसके पास से रक्षा मंत्रालय से जुड़े फर्जी दस्तावेज भी मिले हैं पुलिस ने बताया पकड़े जाने से पहले यह आरोपी दादर में नाके से भागने में भी सफल रहा था। यहां पर उसने पुलिस कांस्टेबल ने जब उसे ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने के लिए रोका तो उसने अपने आप को आईएएस अधिकारी बताया और वहां से निकल गया। अधिकारी के अनुसार, पुलिस फिलहाल उसे गिरफ्तार करके उसके खिलाफ संबंधित मामलों में केस दर्ज कर रही है। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि वह ऐसा क्यों कर रहा था और अभी तक वह फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर किन-किन जगहों पर जा चुका था।

# ओडिशा में नगर निगम के अधिकारी संग मारपीट मामले में ऐक्शन, तीन हमलावर गिरफ्तार

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा प्रशासनिक सेवा के सीनियर अधिकारी और भुवनेश्वर नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त रत्नाकर साहू के साथ सोमवार को कुछ बदमाशों ने मारपीट की। पुलिस ने यह जानकारी दी। साहू ने खारवेलनगर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। भुवनेश्वर के डीसीपी जगमोहन मीना ने बताया, अधिकारी ने खारवेल नगर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। हमने अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी ने कहा कि पुलिस ने अब तक जीवन राउत, रश्मि महापात्रा और देबाशीष प्रधान को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि आगे की जांच जारी है। अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता का पता लगाया जा रहा है। ओएएस अधिकारी पर हमले के विरोध में बीजद समर्थकों ने मुख्य सड़क जनपथ को जाम कर दिया। ओएएस एसोसिएशन ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, जिनकी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। विपक्ष के नेता और बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी (जो गृह विभाग के भी प्रभारी हैं) से कहा कि वह अपनी सरकार में विश्वास बहाल करें। पूर्व राज्यपाल के बेटे की ओर से एक अधिकारी पर हमले की तरह इस जघन्य कृत्य के दोषियों दंडित किए बिना न जाने दें।

**क्या है पूरा मामला :** रिपोर्ट्स के अनुसार, 30 जून दोपहर 12:30 से



1:00 बजे के बीच, कुछ अज्ञात युवकों ने रत्नाकर साहू के चैंबर में जबरन प्रवेश किया। इनमें बीजेपी कॉरपोरेटर जीवान राउत भी शामिल थे। साहू द्वारा दर्ज कराई गई पुलिस शिकायत के अनुसार, छह-सात अज्ञात व्यक्ति उनके दफ्तर में घुस आए और आक्रामक तरीके से पूछा कि क्या उन्होंने भुवनेश्वर के भाजपा नेता जगन्नाथ प्रधान से बात की है। साहू ने कहा कि उन्होंने जवाब दिया कि दिन में कुछ देर पहले प्रधान के साथ उनकी टेलीफोन पर बात हुई थी। जगन्नाथ प्रधान 2024 के विधानसभा चुनाव में हार गए थे। इसके बाद समूह ने कथित तौर पर बिना किसी उकसावे के उन पर हमला करना शुरू कर दिया और मांग करते हुए कहा कि वे प्रधान से माफी मांगें। वे उनसे माफी की मांग क्यों कर रहे थे, यह स्पष्ट नहीं है। भीड़ ने उन्हें कॉलर से पकड़कर कार्यालय से बाहर घसीटा, थप्पड़ मारे, और चेहरे पर लात मारकर क्रूरता से पीटा। साहू ने यह भी आरोप लगाया कि हमलावरों ने उन्हें जबरन एक वाहन में ले जाने की कोशिश की, जो अपहरण का प्रयास हो सकता था। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें साहू को घसीटते, पीटते और अपमानित करते हुए देखा जा सकता है। यह हमला करीब 25 मिनट तक चला, और सैकड़ों बीएमसी कर्मचारी और निजी सुरक्षा गार्ड मूकदर्शक बने रहे। अंततः, भुवनेश्वर की मेयर सुलोचना दास और पूर्व डिप्टी मेयर भारती सिंह ने हस्तक्षेप कर साहू को बचाया। साहू ने शिकायत में कहा, उन्होंने मुझे सार्वजनिक रूप से, जन प्रतिनिधियों यानी बीएमसी के पार्षदों, बीएमसी अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों की मौजूदगी में हत्या के प्रयास के साथ बेरहमी से पीटा। जब मैं खुद को बचाने और दया की भीख मांगने की कोशिश कर रहा था, तो उन्होंने मुझे धमकाया और मुझे जबरन एक वाहन में खींचने की कोशिश की, यह कहते हुए कि मुझे जगन्नाथ प्रधान के पास आना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हमलावरों ने कथित तौर पर उनका मोबाइल फोन भी छीन लिया और उनके व्हाट्सएप स्टेटस पर आपत्तिजनक सामग्री अपलोड कर दी।

**पुलिस कार्रवाई और गिरफ्तारी :** घटना के बाद, साहू ने खारवेलनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने तीन लोगों- जीवान राउत, रश्मि महापात्रा, और देबाशीष प्रधान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (ब्हस) की धारा 109 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया है। भुवनेश्वर के डीसीपी जगमोहन मीणा ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है, और अन्य संदिग्धों की पहचान के लिए जांच जारी है।

**विरोध प्रदर्शन और सामूहिक छुट्टी :** इस घटना से लोगों में आक्रोश फैल गया है। बीएमसी अधिकारियों ने बीएमसी कार्यालय के बाहर मुख्य सड़क को अवरुद्ध करके काम बंद करने का विरोध किया। उन्होंने बदमाशों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। घटना के बाद बीएमसी परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बीएमसी कर्मचारियों ने तत्काल कार्य बंद कर दिया और कार्यालय परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। बीजद कॉरपोरेटरों ने मेयर सुलोचना दास के नेतृत्व में भुवनेश्वर की व्यस्त जनपथ सड़क पर रोड ब्लॉक कर प्रदर्शन किया।

## राजा रघुवंशी की हत्या के बाद बदला नियम, मेघालय सरकार ने कड़े किए नियम

**शिलांग, एजेंसी।** मेघालय के अधिकारियों ने पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर पूर्वी खासी पवर्तीय जिले में बाहरी इलाकों के लिए गाइड रखना अनिवार्य कर दिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह आदेश इंदौर के व्यापारी राजा रघुवंशी की हत्या के एक महीने बाद आया है, जिसकी योजना उनकी पत्नी ने राज्य के सोहरा क्षेत्र में अपने हनीमून के दौरान बनाई थी। पूर्वी खासी पवर्तीय जिले की उपायुक्त रोसेटा एम कुरबाह ने आदेश में कहा, 'सुरक्षा कारणों को देखते हुए, अब सभी पर्यटकों के लिए क्षेत्र में पर्वतारोहण के दौरान रजिस्टर्ड गाइड की सेवाएं लेना जरूरी है।' एम कुरबाह ने कहा कि अनिवार्य गाइड सेवाएं न केवल आगंतुकों के लिए बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी, बल्कि इससे अलग-थलग क्षेत्रों में खो जाने, चोट लगने या आपराधिक गतिविधियों का शिकार होने जैसी घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी। कुरबाह जिला पर्यटन संवर्धन सोसाइटी की अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने राजा रघुवंशी हत्याकांड के बाद सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। उक्त घटना की पूरे देश में चर्चा हो रही है और मामले में मध्यप्रदेश के इंदौर से आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**सख्ती से पालन करना होगा आदेश :** पर्यटन अधिकारियों ने कहा कि आदेश का सख्ती से पालन किया जाएगा। उल्लंघन करने वालों को जुर्माना भरना पड़ सकता है या उन्हें विभिन्न मार्गों पर जाने से रोका जा सकता है। प्रशासन ने निर्देश को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अधिक ट्रेंड गाइड तैनात करने और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम करने की भी योजना बनाई है। इससे पहले, मेघालय पुलिस की विशेष जांच टीमने रविवार को अहम सफलता हासिल करते हुए राजा रघुवंशी की गुम हुई सोने की चेन समेत कई अहम सबूत बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार प्रॉपर्टी डीलर सिलोम जेम्स के मध्यप्र देश के रतलाम जिले में स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान यह बरामदगी की गई। इस अभियान में राजा और उसकी पत्नी सोनम के सोने के आभूषण, लैपटॉप और अन्य सामग्री जब्त की गई।

## न वैक्सीन लगवाई, न इलाज; मां-बाप के अंधविश्वास में एक साल के मासूम की पीलिया से मौत

**मलप्पुरम, एजेंसी।** केरल के मलप्पुरम जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक साल के मासूम बच्चे की पीलिया से मौत हो गई और अब पुलिस इस पूरे मामले की जांच मां-बाप के अंधविश्वास के तौर पर कर रही है। संदेह जताया जा रहा है कि बच्चे को समय पर दवाई नहीं दी गई, क्योंकि उसके माता-पिता एलोपैथिक इलाज के खिलाफ थे। मृतक बच्चे का नाम एसन एरहान था, जो कोट्टक्कल के रहने वाले हिरा हरीरा और नवाज का बेटा था। बच्चे की 27 जून को मृत्यु हो गई थी और प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि उसका न तो टीकाकरण हुआ था और न ही पीलिया के इलाज के लिए कोई इलाज हुआ। हैरानी की बात यह है कि बच्चे की मां एक्यूपंक्चर की चिकित्सक हैं और उन्होंने पहले भी सोशल मीडिया पर मॉडर्न मेडिसिन के खिलाफ पोस्ट की थीं, जो अब वायरल हो रही हैं और चर्चा का विषय बन गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम जब घर पहुंची, तो परिवार ने बताया कि बच्चा स्तनपान के तुरंत बाद बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। हालांकि, टीकाकरण न कराना और अस्पताल न ले जाना अधिकारियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। बच्चे का पोस्टमार्टम के लिए शव बाहर निकाला गया है।

# भाजपा तय करने जा रही 12 राज्यों के अध्यक्ष, राष्ट्रीय नेतृत्व पर फैसले की घड़ी करीब; क्या रणनीति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव पर फैसला लगातार टलता जा रहा है, लेकिन अब फैसले की घड़ी करीब है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने के लिए कम से कम आधे राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष तय हो जाने चाहिए। अब तक यूपी, महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश जैसे कई बड़े राज्यों समेत 12 स्टेट यूनिट्स पर फैसला रुका हुआ था। अब इसकी शुरुआत हो गई है। सोमवार को मिजोरम के लए के. बेइचुआ का नाम तय हुआ तो वहीं पुदुचेरी के लिए वीपी रामलिंगम का नाम तय हुआ। यही नहीं तेलंगाना के लिए भी के. रामचंद्र राव का नाम तय माना जा रहा है और किसी भी समय ऐलान हो सकता है। इन राज्यों के अलावा जल्दी ही यूपी, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों के अध्यक्ष भी जल्दी ही तय हो जाएंगे। भाजपा सूत्रों का कहना है कि तेलंगाना, मिजोरम और पुदुचेरी में चुने गए अध्यक्षों में एक कॉमन फैक्टर रहा है कि वे आरएसएस के बैकग्राउंड से आते हैं। इसी तरह अन्य राज्यों में भाजपा हाईकमान ऐसे लोगों को ही तवज्जो देने के मूड में है, जो आरएसएस से जुड़े रहे हों या फिर उन्हें लाने से राज्य के सामाजिक समीकरण सधते हों। अब तक मिली जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेयश से पीवीएन माधव का नाम तय माना जा रहा है।

**उत्तराखंड में महेश भट्ट का नाम चल रहा आगे :** वह पुराने



कार्यकर्ता हैं और उनका परिवार आरएसएस से जुड़ा रहा है। इसके अलावा वह ओबीसी वर्ग से आते हैं। वहीं तेलंगाना में रामचंद्र राव ब्राह्मण समुदाय के नेता हैं। राज्य से ओबीसी बंदी संजय कुमार और जी. किशन रेड्डी केंद्र में मंत्री हैं। ऐसे में अब एक ब्राह्मण नेता को कमान देकर बैलेंस बनाया गया है। उत्तराखंड में महेश भट्ट को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की चर्चा है, जो ब्राह्मण हैं। वहीं राजपूत लीडर पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री हैं। राज्य की राजनीति में ब्राह्मणों और राजपूतों का दबदबा रहा है और उनकी यहां आबादी भी अधिक है। ऐसी ही स्थिति हिमाचल प्रदेश की भी है।

**हिमाचल में वैश्य फैक्टर, यूपी में कौन है रेस में :** हिमाचल प्रदेश में राजीव बिंदल को ही अध्यक्ष बनाए रखने की चर्चा है। वह वैश्य समुदाय से हैं। समीकरण यह है कि जेपी नड्डा ब्राह्मण हैं और केंद्र में मंत्री हैं। राजपूत लीडर जयराम ठाकुर नेता विपक्ष हैं।

ऐसे में एक वैश्य को प्रदेश अध्यक्ष रखा जाएगा। अब बात उत्तर प्रदेश की करें तो यहां किसी ओबीसी नेता को कमान देने पर मंथन हो रहा है। इसके अलावा किसी ब्राह्मण नेता को भी कमान दे दी जाए तो कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए। बीते कई सालों से यहां योगी आदित्यनाथ सीएम हैं और ब्राह्मणों की उपेक्षा के आरोप लगते रहे हैं। फिलहाल यूपी में किसी के भी नाम पर नेता कुछ बोलने से इनकार कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में 1200 पन्नों की चार्जशीट दायर

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित 2161 करोड़ रुपए के शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ सोमवार को आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने विशेष कोर्ट में लगभग 1200 पन्नों का चौथा पूरक चार्जशीट पेश किया है। इस चार्जशीट में लखमा की अहम भूमिका का उल्लेख किया गया है। ईओडब्ल्यू ने बताया कि पूर्व मंत्री कवासी लखमा को आबकारी घोटाले में उनके हिस्से का 64 करोड़ रुपए मिला है। इसमें 18 करोड़ रुपए के निवेश और खर्च से जुड़े दस्तावेजी साक्ष्य भी मिले हैं। खुद को अनपढ़ बताने वाले तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा को सब कुछ पता था और वह इसके लिए प्रोटेक्शन मनी भी ले रहे थे। ईडी-ईओडब्ल्यू की जांच में पाया गया है कि पूर्व मंत्री कवासी लखमा के संरक्षण में विभागीय अफसरों, शराब कारोबारियों, राजनीति से जुड़े लोगों और व्यवसायियों के माध्यम से सुनियोजित घोटाले को चलाया जा रहा था। भ्रष्टाचार से हासिल रकम को व्यक्तिगत और परिवार के हितों में खर्च किया गया। ईओडब्ल्यू ने विशेष कोर्ट में अब तक तीन पूरक अभियोग पत्रों सहित कुल चार



चार्जशीट पेश कर चुकी है। इस मामले में अब तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 13 मार्च को स्पेशल कोर्ट में ईडी ने 3,841 पन्नों का चालान पेश किया था, जिसमें जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा समेत 21 अन्य को आरोपी बनाया गया था। ईडी-ईओडब्ल्यू अभी भी इस मामले की जांच कर रही है। कुछ दिन पहले ईडी ने सुकमा जिले के कांग्रेस भवन को भी सील किया था। बता दें कि शराब घोटाले मामले में ईडी ने 15 जनवरी को कवासी लखमा को गिरफ्तार किया था। इससे पहले उनसे 2 बार ईडी दफ्तर बुलाकर पूछताछ की गई थी। कवासी लखमा को गिरफ्तार करने से पहले ईडी ने उन्हें 7 दिन कस्टोडियल रिमांड में लेकर पूछताछ की थी। उसके बाद 21 जनवरी से 4 फरवरी तक लखमा को 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। पिछली सुनवाई के दौरान जेल में पर्याप्त सुरक्षा बल नहीं होने के कारण लखमा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने लखमा की रिमांड बढ़ा दी थी। कवासी लखमा अभी भी जेल में बंद है। तत्कालीन कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के दौरान पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, उनके बेटे यश टुटेजा और मुख्यमंत्री सचिवालय की तत्कालीन उपसचिव सौम्या चौरसिया के खिलाफ आयकर विभाग ने दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में 11 मई, 2022 को याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया कि छत्तीसगढ़ में रिश्वत, अवैध दलाली के बेहिसाब पैसे का खेल चल रहा है। इसमें रायपुर महापौर रहे एजाज ढेबर का भाई अनवर ढेबर अवैध वसूली करता है। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में दायर याचिका के आधार पर ईडी ने 18 नवंबर, 2022 को पीएमएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। आयकर विभाग से मिले दस्तावेजों के आधार पर ईडी ने जांच के बाद 2161 करोड़ रुपए के शराब घोटाले का खुलासा किया है।

## कर्नाटक में सीएम बदलने पर रार तेज, शिवकुमार गुट बोला- 100 एमएलए साथ, हाईकमान ने भेजा दूत

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में सीएम बदलने की मांग फिर से जोर पकड़ रही है और इस बार तो मामला दिल्ली दरबार तक जा पहुंचा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को ही इसका संकेत दिया था। इस बीच दिल्ली से आए प्रतिनिधि के तौर पर रणदीप सुरजेवाला ने कर्नाटक के कई विधायकों से मुलाकात की है। फिलहाल सोनिया और राहुल गांधी चाहते हैं कि विधायक शांत हो जाएं और खींचतान सार्वजनिक तौर पर न दिखे। वहीं डीके शिवकुमार के समर्थक अब आर-पार के मूड में दिख रहे हैं। कर्नाटक में 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत हुई थी। इस इलेक्शन के बाद चर्चा थी कि डीके शिवकुमार सीएम होंगे, लेकिन सिद्धारमैया को मौका मिला।

किसी ने खुलकर कुछ नहीं कहा था, लेकिन तब से ही डीके शिवकुमार के समर्थक दोहरा रहे हैं कि सिद्धारमैया को ढाई साल के लिए ही सीएम बनाया गया है। इसी के चलते अब वे बदलाव की मांग कर रहे हैं। इस बीच डीके शिवकुमार के करीबी विधायक इकबाल हुसैन ने बड़ा दावा किया है। हुसैन का कहना है कि करीब 100 कांग्रेस विधायक डीके शिवकुमार के साथ हैं और ये सभी लोग अब मुख्यमंत्री के तौर पर उन्हें देखना चाहते हैं। हम सभी की मांग है कि अब बदलाव हो जाए। यही नहीं उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शिवकुमार को



सत्ता नहीं सौंपी गई तो फिर कांग्रेस 2028 में वापसी नहीं कर पाएगी।

शिवकुमार के करीबी ने कहा कि मैं इस बारे में दिल्ली से आए रणदीप सुरजेवाला से भी बात करूंगा। उन्होंने कहा कि यदि अभी बदलाव नहीं हुआ तो फिर देर हो जाएगी। पार्टी के हित में है कि शिवकुमार को अब सत्ता दी जाए। दरअसल मल्लिकार्जुन खरगे ने बढ़ते विवाद को लेकर सोमवार को कहा था कि इस बारे में कोई फैसला पार्टी हाईकमान ही ले सकता है। इस पर हुसैन ने कहा कि हमने तो हमेशया ही हाईकमान का सम्मान किया है। पार्टी में अनुशासन भी है। लेकिन हम हर बात हाईकमान को बताएंगे। कर्नाटक के बारे में सारे तथ्य उनके आगे रखेंगे। कर्नाटक में डीके शिवकुमार के समर्थक विधायक ऐक्टिव हैं।

# जुलाई में भरपूर होगी बारिश, मौसम विभाग ने चेतावनी भी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौसम विभाग की ताजा भविष्यवाणी से देश में किसानों के चेहरे खिलने तय हैं। इसके मुताबिक भारत में इस साल जुलाई में बारिश सामान्य से अधिक हो सकती है। वहीं, जुलाई में तापमान भी औसत से नीचे रहने का अनुमान जाहिर किया गया है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने एक चेतावनी भी दी है, जिसमें भारत के कुछ हिस्सों में बाढ़ की आशंका जताई गई है। गौरतलब है कि जुलाई में किसान धान की रोपाई आदि करते हैं, इसलिए उन्हें खेतों में अधिक पानी की जरूरत होती है। भारतीय मौसम विभाग ने बताया है कि आंकड़ों में यह औसतन 106 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है। इससे पहले जून में बारिश सामान्य से 8.9 फीसदी अधिक रही है। इसमें उत्तर पश्चिम भारत में 42.2 फीसदी और मध्य भारत में 24.8 फीसदी अधिक बरसात हुई है। वहीं, दक्षिण प्रायद्वीप में 2.7 फीसदी और और पूर्व व उत्तर-पूर्व भारत में बरसात में 16.9 फीसदी की कमी देखी गई। 1971 से 2020 के डेटा के आधार पर देश का जुलाई में लंबी बारिश का औसत करीब 280.4 मिमी है।

**मॉनसून का मुख्य महीना है जुलाई :** गौरतलब है कि जुलाई मुख्य मॉनसून महीना है। इसी मौसम में मॉनसून के चार महीनों जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर की कुल 87 सेमी औसत बारिश का 28 सेमी



रिकॉर्ड होता है। यह कृषि के लिए भी एक महत्वपूर्ण महीना है क्योंकि जुलाई के दौरान धान और अन्य खरीफ (मॉनसून में बोई गई) फसलों की बुवाई होती है। मॉनसून भारत की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत के कृषि क्षेत्र का 51 फीसदी भाग बारिश पर निर्भर है, जो उत्पादन का 40 फीसदी हिस्सा बनाता है। आईएमडी अधिकारियों ने सोमवार को कहाकि देश के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक सामान्य बारिश की संभावना है। हालांकि, उत्तरपूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों, पूर्वी भारत के कई हिस्सों, दक्षिणी प्रायद्वीप भारत के चरम हिस्सों और उत्तरपश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है।

**इन जगहों पर बाढ़ की आशंका :** हालांकि, मौसम विभाग ने उत्तराखंड, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, पूर्व मध्य भारत के कुछ हिस्सों जैसे ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, विदर्भ, और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बाढ़ की चेतावनी दी है। आईएमडी के महानिदेशक एम मोहपात्रा ने कहाकि हमारा दीर्घकालिक पूर्वानुमान दर्शाता है कि उत्तराखंड, हरियाणा-चंडीगढ़-हरियाणा क्षेत्र और मध्य तथा पूर्व मध्य भारत के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होगी। हमें सतर्क रहना चाहिए और निरंतर निगरानी रखनी चाहिए। इन क्षेत्रों में कई नदी बेसिन हैं, यहां नदियां भी बह रही हैं। इसलिए बांधों आदि की लगातार निगरानी जरूरी है, ताकि पानी समय-समय पर छोड़ा जा सके। आईएमडी निदेशक ने आगे कहाकि ध्यान देने वाली बात यह है कि उत्तराखंड में दक्षिण की ओर बहने वाली कई नदियां हैं। इन नदियों के किनारे कई महत्वपूर्ण कस्बे और शहर हैं। इनको लेकर हमें सतर्क रहना चाहिए। गौतलब है कि गंगा और यमुना की उत्पत्ति भी उत्तराखंड से ही होती है। गौरतलब है कि जून में बारिश देश में लगभग 9 फीसदी अधिक रही। लगभग 70 जगहों पर अत्यधिक भारी वर्षा (20 सेमी से अधिक) दर्ज की गई।

**हॉकीः**

## यूरोप दौरे पर इंडिया-ए की कमान संभालेंगे संजय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को यूरोप के आगामी दौरे के लिए इंडिया-ए पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा 8 से 20 जुलाई तक चलेगा। भारत के इस यूरोप दौरे में कुछ शीर्ष यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले जाएंगे, जिसका उद्देश्य उभरते और अनुभवी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करना है। इंडिया-ए टीम आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी, जबकि उसे इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मुकाबला खेलना है। 20 सदस्यीय टीम में अनुभवी और होनहार युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है, जिन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सर्किट में प्रभावित किया है। इंडिया-ए टीम की कप्तानी संजय करेंगे, जबकि मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह उप-कप्तान होंगे। भारत की टीम में गोलकीपर पवन और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार और डिफेंडर प्रताप लाकड़ा, वरुण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद और संजय शामिल हैं। मिडफील्डर्स में पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह और राजिंदर सिंह मौजूद हैं, जबकि फॉरवर्ड लाइन-अप में अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लालगे, सेल्वम कार्ति और उत्तम सिंह हैं। स्टैंडबाय खिलाड़ियों की लिस्ट में गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको शामिल हैं। यूरोप के दौरे पर टीम को शिवेंद्र सिंह ट्रेनिंग देंगे, जो पुरुष टीम के असिस्टेंट कोच भी हैं। शिवेंद्र सिंह बेहद अनुभवी हैं। वह आक्रामक खेल पर खासा ध्यान देते हैं। यह दौरा हॉकी इंडिया के दीर्घकालिक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारतीय हॉकी सितारों की अगली पीढ़ी को अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का मौका देना है।

**यूरोप दौरे के लिए भारत-ए की टीमः**

गोलकीपरः पवन, मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार।

डिफेंडरः प्रताप लाकड़ा, वरुण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, संजय (कप्तान) और प्रमोद।

मिडफील्डरः पूवन्ना चंदूरा बॉबीमोहम्मद राहील मौसीन, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह (उप-कप्तान), विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह और राजिंदर सिंह।

फॉरवर्डः अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लालगे, सेल्वम कार्ति और उत्तम सिंह।

स्टैंडबायः अंकित मलिक (गोलकीपर), सुनील जोजो (डिफेंडर) और सुदीप चिरमाको (फॉरवर्ड)।

**वर्ल्ड क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड चैम्पियनशिप 2025ः**

## इंग्लैंड का क्लीन स्वीप, मार्क गुडलिफ बने पहले विश्व विजेता



**लंदन, एजेंसी।** लंदन के प्रतिष्ठित नेहरू सेंटर में आयोजित पहले वर्ल्ड क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड चैम्पियनशिप में शब्दों की चतुराई और मानसिक तीव्रता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां टीम इंग्लैंड ने शीर्ष तीनों स्थानों पर कब्जा करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। 13 बार टाइम्स क्रॉसवर्ड चैंपियनशिप जीत चुके मार्क गुडलिफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए WCCC 2025 विश्व कप विजेता का खिताब अपने नाम किया। कॉलिन थॉमस को प्रथम उपविजेता घोषित किया गया, जबकि जॉन हेंडरसन ने तीसरा स्थान प्राप्त कर इंग्लैंड की प्रभुत्वता को और मजबूत किया। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित हुई।

# बुमराह आउट कुलदीप IN...



### इंडिया-इंग्लैंड दूसरे टेस्ट में होंगे ये बड़े बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ का दूसरा मुकाबला बुधवार, 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जाएगा. इससे पहले मंगलवार को भारत के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने टीम इंडिया की संभावित रणनीति और बदलावों को लेकर अहम जानकारी दी. रयान टेन डोशेट ने साफ कहा कि दूसरे टेस्ट में कम से कम दो बदलाव होंगे. टीम बर्मिंघम टेस्ट में नए कॉम्बिनेशन के साथ उतर सकती है.

**बुमराह को आराम, लॉर्ड्स टेस्ट में वापसी संभव**

रयान टेन डोशेट ने बताया कि भारत के स्टार तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को बर्मिंघम टेस्ट में आराम दिया जा रहा है. वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत उन्हें यह ब्रेक दिया गया है और वह तीसरे टेस्ट (लॉर्ड्स में) वापसी के लिए उपलब्ध रहेंगे.बुमराह ने पहले टेस्ट में पांच विकेट लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया था, लेकिन लगातार क्रिकेट को देखते हुए उन्हें ब्रेक देना ज़रूरी समझा गया.

**जायसवाल स्लिप फील्डिंग से बाहर, लगातार कैच ड्रॉप्स पड़े भारी**

पहले टेस्ट में युवा सलामी बल्लेबाज़ यशस्वी जैसवाल ने चार कैच छोड़े थे, जिससे इंग्लैंड को बड़े रन बनाने में मदद मिली. अब टीम मैनेजमेंट ने फैसला किया है कि जायसवाल को स्लिप कॉर्डन से हटा दिया गया है और उन्हें फिलहाल आउटफील्ड में लगाया जाएगा. जायसवाल ने पहले टेस्ट की पहली पारी में शतक ज़रूर लगाया था, लेकिन फिल्डिंग में उनकी गलती टीम पर भारी पड़ी.

**शार्दुल ठाकुर की जगह नीतीश कुमार रेड्डी की एंट्री तय**

पिछले मैच में शार्दुल ठाकुर गेंद और बल्ले दोनों से खास प्रभाव नहीं डाल सके. अब उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर किया जा रहा है और उनकी जगह आंध्र प्रदेश के युवा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को टीम में शामिल किया जा सकता है.



वहीं, बर्मिंघम की पिच पर इस बार गर्म मौसम और सूखी सतह को देखते हुए भारत दो स्पिन गेंदबाज़ों को प्लेइंग इलेवन में शामिल कर सकता है. रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वॉशिंगटन सुंदर- इन तीनों में से दो को मौका मिलने की संभावना है. पहले टेस्ट में रवींद्र जडेजा को अकेले स्पिनर के रूप में खिलाया गया था, लेकिन अब बदलाव की तैयारी है. रायन टेन डोशाटे ने कुलदीप यादव की नेट बॉलिंग की तारीफ की और कहा कि वो शानदार लय में हैं और विकेट लेने की भूख के साथ मैदान पर उतरने को तैयार हैं. भारत को पहले टेस्ट में 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था.

## इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 की घोषणा की

### आर्चर टीम में नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए सोमवार 30 जून को अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा की, जो बुधवार से बर्मिंघम के एजबेस्टन में शुरू होगा। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में बढ़त बनाई थी। बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम में दूसरे मैच के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उंगली की चोट से उबरने के बाद इंग्लैंड की टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को शुरुआती लाइनअप में शामिल नहीं किया गया है। आर्चर परिवार में इमरजेंसी के कारण एजबेस्टन में सोमवार के अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बन पाए। वहीं जोश टंग, ब्रायडन कार्स और क्रिस वोक्स



**इंग्लैंड की प्लेइंग 11**

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।

फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज के रूप में अपनी सेवाएं जारी रखेंगे। दूसरी तरफ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दूसरे मैच के लिए आराम दिए जाने की उम्मीद है जिससे भारत की लाइनअप में बदलाव देखने को मिल सकता है। बुमराह के अलावा भारतीय टीम में स्पिनर कुदलीप यादव को भी शामिल करने की बात सामने आ रही है जो लंदन में प्रभावी साबित हो सकते हैं।

*विंबलडन 2025ः*

## विंबलडन के पहले दौर में उलटफेर का शिकार हुए मेदवेदेव, बेंजामिन बोंजी ने हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेदवेदेव इससे पहले 2017 में लगातार दो ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में हारे थे। वह उस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। नौवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव सोमवार को विंबलडन के शुरुआती दौर में 64वीं रैंकिंग वाले बेंजामिन बोंजी से 7-6 (2), 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हार के साथ उलटफेर का शिकार बने। पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले मेदवेदेव लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के पहले दौर से बाहर हो गए हैं। रूस के यह खिलाड़ी इससे पहले फ्रेंच ओपन में भी पहले दौर से बाहर हो गए था। उन्हें साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दूसरे दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

**2017 में भी लगातार दो ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में हारे**

मेदवेदेव इससे पहले 2017 में लगातार दो ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में हारे थे। वह उस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। मेदवेदेव इस साल पेरिस में कैमरून नॉरी से पांच सेट के मैच में हार गए थे। वह 2023 में फ्रेंच ओपन की पहली बाधा पार करने में नाकाम रहे थे। उस समय दूसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को पहले दौर में क्वालिफायर थियागो सेबॉथ वाइल्ड ने हराया था। वाइल्ड की उस समय विश्व रैंकिंग 172 थी।

**क्लब विश्व कपः**

## मैनचेस्टर सिटी को हराकर क्वार्टर फाइनल में अल हिलाल

**ऑरलैंडो (अमेरिका), एजेंसी।** मार्कोस लियोनार्डो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अल हिलाल को मैनचेस्टर सिटी पर 4-3 से जीत दिलाई। इसी के साथ टीम ने फीफा क्लब विश्व कप क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। बर्नार्डो सिल्वा ने नौवें मिनट में ही गोल दागा। इसके बाद दोनों टीमों ने लगातार कोशिशें कीं, लेकिन कोई और गोल इस हाफ में नहीं आया। दूसरे हाफ में मार्कोस लियोनार्डो (46) और मैल्कम (52) ने गोल दागकर अल-हिलाल को 2-1 से आगे कर दिया, लेकिन तीन मिनट बाद ही एरलिंग हैलैंड (55) ने गोल दागकर जल्दी ही मैनचेस्टर सिटी को बराबरी पर ला दिया।

अल-हिलाल ने अतिरिक्त समय में कलिडौ कौलीबाली (94) की मदद से फिर से बढ़त हासिल की, लेकिन फिल फोडेन के 100वें सिटी गोल ने सिटी को बराबरी पर ला दिया। लियोनार्डो अल-हिलाल के लिए मैच विजेता साबित हुए। लियोनार्डो ने 112वें मिनट में गोल दागकर अल-हिलाल को 4-3 से आगे कर दिया। मैच के बाद कलिडौ कौलीबाली ने कहा, हम जानते थे कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ एक कठिन खेल था। हम अपने विचारों, अपनी प्रतिभा, अपनी ताकत को दिखाना चाहते थे। मुझे लगता है कि हमने बहुत अच्छा खेल खेला। रक्षात्मक रूप से हम बहुत मजबूत थे।



आक्रामक रूप से हमने सभी मौकों का फायदा उठाया, इसलिए हम खुश हो सकते हैं। अल हिलाल अब शुक्रवार को सेमीफाइनल में फ्लुमिनेंस एफसी से भिड़ेगा। यह मुकाबला ऑरलैंडो के कैम्पिंग वर्ल्ड स्टेडियम में खेला जाएगा। फ्लुमिनेंस एफसी की टीम इंटर के खिलाफ 2-0 से मुकाबला जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची है।

दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबलों को देखें, तो पाल्मेरास की चेल्सी से भिड़ंत होगी, जबकि पीएसजी की टीम बेयर्न के खिलाफ सेमीफाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेगी। सेमीफाइनल मुकाबले नौ और दस जुलाई को खेले जाने हैं। खिताबी मैच 14 जुलाई को होगा।

## असाधारण प्रदर्शन करने के लिए सचिन तेंदुलकर से प्रेरणा लेता हूंः नीरज चोपड़ा

**बेंगलुरू, एजेंसी।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह चुनौतियों का सामना करने के बावजूद असाधारण प्रदर्शन करने की भारतीय क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर की महाशक्ति को पाना चाहेंगे।

हाल ही में पेरिस डायमंड लीग और ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक मीट जीतने वाले नीरज, नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता के उद्घाटन संस्करण के साथ इतिहास रच रहे हैं, जो विश्व एथलेटिक्स 'ए' श्रेणी की प्रतियोगिता है, जो भारत में होने वाली अपनी तरह की पहली प्रतियोगिता है, जिसका आयोजन 5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में किया जाएगा।` बात करते हुए, जब उनसे पूछा गया कि भाला फेंकने के लिए वह किस क्रिकेटर की महाशक्ति को पाना चाहेंगे, तो मौजूदा विश्व चैंपियन ने तेंदुलकर का नाम लिया। चोपड़ा ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, सचिन तेंदुलकर। उन्होंने इतने सालों तक हमारे देश का बहुत अच्छा प्रतिनिधित्व किया और हमारे लिए कई रिकॉर्ड बनाए। जिस तरह से उन्होंने कई महान गेंदबाजों की चुनौतियों का सामना किया और फिर भी असाधारण प्रदर्शन किया - मैं भी वैसा ही करना चाहूंगा।

इससे मुझे शांत मानसिकता के साथ आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी। 27 वर्षीय भाला फेंक स्टार ने आगे कहा कि उन्हें लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज ब्रेट ली, जो क्रिकेट में अपना नाम बनाने से पहले भाला फेंकते थे, और भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भाला फेंकने में सक्षम होंगे। मैंने सुना है कि ब्रेट ली एक भाला फेंकने वाले थे। मुझे लगता है कि वह भाला अच्छी तरह से फेंक सकते थे, खासकर जब वह अपने चरम वर्षों में थे। मैं जसप्रीत बुमराह के साथ भी भाला फेंकना



चाहूंगा और उम्मीद करता हूं कि वह मुझे कुछ गेंदबाजी कौशल सिखाएंगे। हालांकि गेंदबाजी और भाला फेंकना दोनों ही अलग-अलग हैं। मैं बुमराह से सीखना चाहूंगा। चोपड़ा ने कहा कि भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी का मशहूर हेलीकॉप्टर शॉट शक्ति और तकनीक के मामले में भाला फेंकने जैसा है।

खेल के दौरान अंधविश्वासी होने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं अपने इवेंट के दिन शांत रहने की कोशिश करता हूं। मैं इसके बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचता। मैं सिर्फ अपना 100 प्रतिशत देने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं शांत रहने, अच्छा खाना खाने और अच्छी तरह आराम करने की कोशिश करता हूं।

भाला फेंकने वाले इस दिग्गज ने मैदान पर और मैदान के बाहर मिली सबसे अच्छी सलाह साझा करते हुए कहा, यह सलाह मेरे कोच जान जेलेजनी से मिली, जिन्होंने 98.48 मीटर की दूरी से भाला फेंकने में विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है। जब भी मैं भाला फेंकता हूं, मैं बहुत ऊर्जावान रहता हूं, लेकिन वह मुझसे कहते हैं कि मुझे प्रवाह में दौड़ना चाहिए।

यह तंग महसूस नहीं होना चाहिए - मुझे बिना किसी तनाव के 18 साल के बच्चे की तरह दौड़ना चाहिए। मैं धीरे-धीरे प्रवाह की अवधारणा को समझ रहा हूं। मुझे लगता है कि किसी भी खेल में प्रवाह बहुत महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए, रोजर फेडरर - वह इतनी शालीनता और लय के साथ खेलते थे कि ऐसा कभी नहीं लगा कि वह बहुत ज्यादा प्रयास कर रहे हैं। मैं इसे अपने प्रशिक्षण में लाने की कोशिश कर रहा हूं। नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 जेवलिन थ्रो इवेंट को 5 जुलाई को शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क (एसएस 1 हिंदी और एसएस 2) और जियोहॉटस्टार पर देखें।

# खनिज अधिकारी पटेल की मिली भगत से जिले भर में चल रहे रेत के अवैध डंप

## सलेहा में कैलाश जयसवाल बना बड़ा खनिज माफिया, कलेक्टर ने कहा जांच करवाएंगे

**पन्ना।** पन्ना जिले में रेत का अवैध कारोबार चरम सीमा पर चल रहा है आम लोगों को भारी महंगी रेत मिल रही है जिससे मकान बनाना बड़ा कठिन हो रहा है प्रत्येक कस्बा मुख्यालय पर भवन मटेरियल की दुकान संचालन करने वाले अवैध रूप से रेत सहित अन्य मैटेरियलों की सामग्री डंप किए हुए हैं जिसका उनके पास कोई बेध अनुमति या लाइसेंस नहीं है लेकिन करोड़ों रुपए की सामग्री प्रतिदिन बिक्री हो रही है आखिर खनिज विभाग कहां सो रहा है पन्ना जिले में विगत से पांच वर्ष से जमे खनिज अधिकारी रवि पटेल की मनमानी जारी है उन्हीं के संरक्षण में अवैध कारोबार फल फूल रहा है क्योंकि




अवैध डंप संचालन करने वालों को उनका पूरा संरक्षण प्राप्त है इसी प्रकार का मामला गुनौर तहसील अंतर्गत सलेहा कस्बा का सामने आया है जहां पर कैलाश जायसवाल द्वारा गिट्टी मुरम एम सैंड की परमिशन के नाम पर सैकड़ो ट्रक रेत का डंप लगा कर प्रतिदिन विक्रय किया जा रहा है इनके पास जो स्वीकृत है वह रामशरण जायसवाल पिता घमंडी लाल जायसवाल ग्राम कटरा के नाम पर है कैलाश जायसवाल द्वारा अवैध रेत का यह कारोबार बरसों से किया जा रहा है बताया गया है कि उक्त रेत अजयगढ़ से डंपरों के माध्यम से सलेहा में डाली जाती है तथा उसके बाद उसे पूरे क्षेत्र के लोगों को मनमाने दामों में विक्रय किया जा रहा है पूरे जिले में संचालित अवैध डंप के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए जिससे शासन के राजस्व में इजाफा हो सके।। इनका कहना है संबंधित मामला हमारे संज्ञान में लाया गया है मामले की जांच कर कर कार्यवाही की जाएगी सुरेश कुमार शर्मा कलेक्टर जिला पन्ना।। हमारे पास रेत बेचने की स्वीकृति नहीं है जैसा सब लोग रेत का विक्रय कर रहे हैं हम भी करते हैं मल्होत्रा ठेकेदार की रेत विक्रय करते हैं कैलाश जायसवाल डंप संचालक शिव शक्ति ट्रेडर्स सलेहा जिला पन्ना।

# ई केवाईसी न होने से गरीब तथा वृद्ध परेशान नहीं मिल रहा खाद्यान्न

**पन्ना।** सरकार द्वारा आधार कार्ड तथा ई केवाईसी अनिवार्य करने के चलते लाखों गरीबों का खाद्यान्न बंद हो गया है तथा वृद्धो की पेंशन एवं अन्य योजनाओं से मिलने वाली राशि अटकी हुई है जिससे वृद्ध एवं गरीब भारी परेशान है बैंकों तथा राशन दुकानों के चक्कर लगाकर वह परेशान हो रहे हैं कई महीनो से वृद्धो को पेंशन नसीब नहीं हो रही है वृद्धो के अंगूठे के निशान आधार कार्ड में अपडेट नहीं हो रहे हैं जिससे उन्हें पेंशन एवं अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है सरकार को इसके लिए कोई अन्य विकल्प चुनना चाहिए लेकिन सरकार द्वारा अभी तक इस दशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है इससे बेचारे वृद्धि एवं गरीब लोग भारी परेशान हैं सरकार द्वारा घर-घर जाकर गरीब तथा वृद्ध की ई केवाईसी करने के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए गए थे लेकिन कर्मचारियों ने सिर्फ औपचारिकता पूरी करके अपना पल्ला झाड़ लिया है बेचारे गरीब एवं वृद्ध बैंकों एवं आधार केंद्रों के चक्कर लगाते हुए दर दर की ठोकरे खाते भटक रहे हैं।

# दया और करुणा की भावना रखें डॉक्टर : ब्रह्माकुमारी

## तन के साथ-साथ मन का भी इलाज करें: ब्रह्माकुमारी

## एलोपैथी,होम्योपैथी के साथ-साथ करें सिपैथी का उपयोग

**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के उपलक्ष में जिला चिकित्सालय में ब्रह्माकुमारी विद्यालय की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, बहन जी ने सभी डॉक्टरों का सम्मान किया एवं शुभकामना देते हुए,आज के दिन के महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है,

आप पर परिवार के साथ-साथ समाज की बहुत बड़ी जिम्मेवारी है डॉक्टरों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है आज हम देखते हैं कि 90% बीमारी मन के कमजोर होने से उत्पन्न होती है



मरीज की आदि से ज्यादा बीमारी डॉक्टर के स्नेह पूर्ण व्यवहार से ठीक हो जाती है तो डॉक्टर का तन को स्वस्थ रखने के साथ-साथ हमारे मन को ठीक रखने में भी महत्वपूर्ण स्थान है हम एलोपैथी,होम्योपैथी अनेक प्रकार की दवाओ का प्रयोग करने के साथ-साथ सिंपैथी का भी उपयोग करके सबका भला करें ड्यूटी को सिर्फ ड्यूटी समझकर नहीं परंतु अपना फर्ज समझकर पूर्ण समर्पण भाव से निभाएं मरीज को सिर्फ मरीज नहीं समझ कर वरण अपनी फैमिली मेंबर समझ कर दया एवं करूणा के साथ सेवाएं दें, धन के साथ-साथ दुआ भी कमाये, कार्यक्रम में डॉक्टर आलोक गुप्ता सिविल सर्जन,डॉक्टर एसके त्रिपाठी, डॉ मीना नामदेव डॉ सौरभ त्रिपाठी डॉ नीरज जैन डॉ प्रदीप द्विवेदी, दिव्या नागवंशी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ हर कांग्रेस कार्यकर्ता लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी की मोहन सरकार द्वारा कांग्रेस पार्टी के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को डराने के लिए फर्जी प्रकरण लगाए जा रहे हैं लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ता भ्रष्ट एवं अराजक सरकार की रणनीति से डरने वाले नहीं है गत दिवस कांग्रेस पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ अशोकनगर जिले के मुंगावली थाना में फर्जी प्रकरण दर्ज कराया गया जिसको लेकर पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के माध्यम से कांग्रेस पदाधिकारियों ने संदेश दिया है कि कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष के साथ खड़ा है तथा जुल्म कर रही भाजपा की सरकार के खिलाफ लड़ाई हर स्तर पर लड़ेगी ज्ञात हो की अशोकनगर जिले के मुंगावली में कुछ दबंगों द्वारा गरीबों के साथ मारपीट की गई थी तथा उन्हें मानव मल खिलाने की घटना सामने आई थी जिसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पीड़ित परिवार से




मिलने गए थे तथा उन्हें हर संभव मदद देने की बात कही थी जिसको लेकर भाजपा की सरकार अपने कृत्य दबाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर फर्जी मामला दर्ज कराया गया जिला मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह तथा सह प्रभारी भूपेंद्र राहुल ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कांग्रेस पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है प्रदेश अध्यक्ष के साथ खड़ा है और गरीबों की लड़ाई कांग्रेस लड़ती रहेगी सड़क से लेकर विधानसभा तथा संसद तक लड़ाई जारी रहेगी पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस पार्टी का अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व प्रत्याशी गिरधारी लोधी मार्तंड देव बुंदेला पार्षद रेहान मोहम्मद वैभव थापक कांग्रेस उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा रियासत खान ब्लॉक अध्यक्ष अक्षय तिवारी अनीश खान डॉक्टर कदीर अभिषेक चौरसिया जय राम यादव अनुज श्रीवास प्रतिपल लोधी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# घर में घुसी विशाल गौह का किया रेस्क्यू, तब ली परिवार वालों ने राहत की सांस

**पन्ना।** नगर के धाम मोहल्ला स्थित आकाश कुशवाहा के घर में उसे समय हड़कंप मच गया जब उसके आंगन के बाथरूम में एक विशाल गौह को बैठा हुआ देखा। परिजन घबराकर घर के बाहर निकल आए और मोहल्ले वालों को बताया पर किसी की गौह को भगाने की हिम्मत नहीं पड़ रही थी। तब रेस्क्यू करने वाले नंदू कुशवाहा को इंद्रपुरी कॉलोनी से फोन लगाकर बुलाया गया। नंदू कुशवाहा ने आते ही बाथरूम में से गौह को पकड़ लिया। तब कहीं जाकर परिवार वालों ने राहत की सांस ली। गौह काफी बड़ी थी जो लगभग 2 फुट से भी बड़ी लग रही थी जिसको देखते ही लोगों को भय महसूस हो रहा था। लेकिन रेस्क्यू करने वाले नंदू ने उसे पलक से झपकते ही हाथ से पकड़ लिया और बाद में जंगल ले जाकर उसे सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस वर्ष दर्जनों जहरीले सांप एवं गुहेरी, गौह का किया रेस्क्यू।

# श्री जगन्नाथ रथ यात्रा की पूर्व संध्या पर भजन संध्या सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

## सामाजिक साहित्यिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्था के तत्वाधान में लवकुश वाटिका में हुआ कार्यक्रम

**पन्ना।** सामाजिक साहित्यिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्था जिला पन्ना के तत्वाधान में श्रीश्री 1008 श्री जगदीश स्वामी रथ यात्रा महोत्सव की पूर्व संध्या पर 26 जून 2025 को पवित्र नगरी पन्ना के लवकुश वाटिका में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रथम चरण में शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक भक्तिमय कार्यक्रम तथा रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक साहित्यकार पत्रकार कलाकार एवं समाजसेवी जनों का सम्मान एवं 9 बजे से 11 तक कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी मनोज केसरवानी एवं



विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमाशंकर मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार एकता मंच के अध्यक्ष शिवकिशोर पाण्डेय के द्वारा की गई। गरिमामयी कार्यक्रम में अतिथि गणों के सम्मान में कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मी नारायण चिरोलया ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर अतिथियों का पुष्पमाला शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया। इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान के तहत 80 साहित्यकार पत्रकार कलाकार समाजसेवी जनों को मंच पर विराजमान अतिथि गणों के द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

कार्यक्रम में संजय सिंह राजपूत, राजेश रावत, वीरेंद्र सिंह यादव, संतोष तिवारी, सुनील अवस्थी, राजेंद्र कुशवाहा, सलीम खान, केके टेलर, राजकुमार वर्मा, राजमती केसरवानी, पूरनलाल कोरी, रोहित शर्मा, प्रमोद पाठक, मिथिलेश तिवारी, सुरेश खटीक, डालचंद, आचार्य जी, उपेंद्र सिंह, मोहित पाठक, विजय शर्मा, दीपक मिश्रा, श्रीमती पद्मनी कबीरपंथी, कुमारी, स्नेहा कबीरपंथी, रघुवीर तिवारी, रामकिशोर अहिरवार जमीर, जयदीप सिंह, शेर सिंह कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, विजय कुमार शर्मा, राजीव तिवारी, अरविन्द सिंह यादव, हीरालाल विश्वकर्मा, अजय कोंदर, अकरम खान, रिंकू खान, राजकुमार प्रजापति, अनिल गुप्ता सहित साहित्य प्रेमी, काव्य प्रेमी, धर्मप्रेमी, गणमान्य नागरिकों सहित काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन कवि सुरेश सौरभ के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन आरके प्रोडक्ट म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर राजकुमार वर्मा के द्वारा किया गया।

# अधिमान्य पत्रकार संघ ने विभिन्न बिंदुओं को लेकर कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** पन्ना जिले में मध्य प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त अधिमान्य पत्रकारों ने अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग के नेतृत्व में कलेक्टर सुरेश कुमार एवं एसपी एस साई कृष्ण थोटा से मुलाकात कर समस्याओं को लेकर चर्चा की अपनी मांगे रखते हुए ज्ञापन सोपा है।

अध्यक्ष बृजेंद्र गर्ग ने बताया कि कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मांग की गई है मध्य प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त अधिमान्य पत्रकारों को सरकार द्वारा पत्रकार सम्मान निधि (पेंशन) देने का प्रावधान है पुराने नियमों में बदलाव कर जटिलता पैदा की गई है जिससे अंशकालिक और मैदानी अधिमान्य पत्रकारों को पेंशन




प्राप्त नहीं हो पाएगी, संस्थान से नियमित वेतन और भुगतान प्रमाणीकरण का प्रावधान समाप्त किया जाए, सरकार से 10 वर्ष की मान्यता प्राप्त को ही पात्रता माना जाए, क्योंकि ग्रामीण मैदानी पत्रकारों को नियमित वेतन के स्थान पर संस्थान खर्च के रूप में पैसा देते हैं, कोरोना कल में रेलवे यात्रा कंसेशन पास बंद कर दिए गए हैं जिसे बहाल कराया जाए

जिला मुख्यालय से छोटे विज्ञापन जारी कराये जाए जिससे स्थानीय अखबार और मैदानी पत्रकारों को लाभ मिले प्रदेश के सभी मीडिया संस्थानों में मजीठिया वेतनमान लागू करने की अनिवार्यता की जाए।

सभी पत्रकारों ने कलेक्टर सुरेश कुमार को भी ज्ञापन दिया और कहा कि पन्ना जिले में मध्यप्रदेश शासन से मान्यता अधिमान पत्रकारों सूची अलग से जनसंपर्क ऑफिस में संधारित कराई जाए प्रत्येक शासकीय कार्यालय में अधिमान्य पत्रकारों की सूची भेज कर इंट्रोड्यूस कराया जाए। पत्रकारों के साथ निर्धारित जिला प्रशासन की त्रैमासिक बैठक नियमित कराई जाए जिले में कवरेज के लिए आवागमन के लिए सार्वजनिक वाहनों के लिए यात्रा पास की व्यवस्था की जाए शासकीय कार्यक्रमों में पत्रकारों को आमंत्रित किया जाता था लेकिन अब परंपरा विलुप्त हो रही है कृपया व्हाट्सएप पर मैसेज डालने के स्थान पर परंपरागत तरीके से आमंत्रित किया जाए। संगठन के सचिव शिवकुमार त्रिपाठी ने बताया हमने एसपी साई कृष्ण थोटा से मांग की है नकि मध्य प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त अधिमान्य पत्रकारों की सूची प्रत्येक थाना एवं चौकी में भेज कर इंट्रोड्यूस कराया जाए, जिले में घटित घटनाओं एवं थानों में दर्ज मामलों की सूचना पुष्टि हेतु अधिकारियों को निर्देशित करें जिससे सही और सटीक सूचना मिल सके समाचार प्रकाशित कर सके पत्रकारों और पुलिस के बीच संवाद और समन्वय की व्यवस्था की जाए पुलिस अधीक्षक ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

# खोए हुए बेटे को 22 साल बाद पाकर माता पिता के छलके आंसू भावुक हुए, स्वागत में उमड़ा पूरा गांव

**पन्ना।** खोया हुआ बेटा जिसकी तलाश करते-करते माता-पिता बूढे हो गए, इंतजार करते-करते आंखें थक गई, परिवार उम्मीद छोड़ चुका था, लेकिन 22 साल बाद फिर अपने बेटे को पाकर माता-पिता की आंखों से खुशी के आंसुओं की बरसात होने लगी मौजूद लोग भी भावुक हो गए। यह नजारा 28 जून 2025 की रात लगभग 10 बजे अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतूपुर का है। मामला इस प्रकार है कि राम आसरे पाल निवासी जैतूपुर का पुत्र रामकेश पाल अपने रिश्तेदारों के साथ चाचा की लड़की को लिवाने उसकी ससुराल ग्राम चंदौली जिला बांदा उत्तर प्रदेश गया हुआ था जहां से वापस लौटने पर ग्राम करतल यूपी से अचानक गायब हो गया माता-पिता ने काफी तलाश की हर रिश्तेदार हर जानकार से संपर्क किया पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज करवाई तमाम देवी देवताओं के मंदिरों में अर्जी लगाई तांत्रिकों और ज्योतिषियों से भी संपर्क किया लेकिन खोए हुए पुत्र का कहीं कुछ पता नहीं चला।

यह घटना 22 वर्ष पूर्व की है, जब रामकेश महज 15 वर्ष का था। उधर रामकेश ने भी दोबारा परिवार से मिल पाने की उम्मीद छोड़ दी थी क्योंकि जिन लोगों ने उसे बंधक बनाया था वह झांसी के ग्राम पालर में बाहरी दुनिया से दूर उसे केवल खेती किसानी के काम तक सीमित रखते थे, वह अपने माता-पिता भाई-बहन और गांव को भी भूल चुका था। लेकिन रामकेश के वहां बंधक होने की भनक झांसी के एक सामाजिक कार्यकर्ता को लग गई जिसे गुपचुप तरीके से रामकेश से संपर्क कर उसके घर परिवार के बारे में जानकारी ली, रामकेश को भी अपने परिवार से मिलने की उम्मीद जाग गई और उसे बीता हुआ कल फिर याद आने लगा रामकेश ने बताया कि उसे यह तो याद नहीं कि वह झांसी के पालर गांव कैसे पहुंचा लेकिन यह याद आ गया था कि वह अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम जैतूपुर का निवासी है और पिता का नाम राम आसरे पाल है।

# नगर परिषद अजयगढ़ में पदस्थ रहे कर्मचारी दीनदयाल हुए सेवानिवृत्त

## नगर पंचायत अध्यक्ष सहित कर्मचारियों अधिकारियों पार्षदों ने दी भावभीनी विदाई

**पन्ना।** नगर परिषद अजयगढ़ में पदस्थ रहे कर्मचारी दीनदयाल साहू भृत्य को सेवानिवृत्ति 30 जून को होने पर नगर परिषद कार्यालय में बिदाई समारोह आयोजित कर उनके लम्बे कार्यकाल को याद करते हुए सम्मानित किया गया द्य अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता ने उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आज दीनदयाल साहू सेवानिवत्त हुए हैं मुझे ऐसा लग रहा है कि मेरे परिवार से ये बिदा ले रहे हैं लेकिन इनके कार्यकाल को सदैव याद करती रहूँगी द्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने कहा कि ये कर्मचारी अपने कर्तव्य पर हरदम उपस्थित रहते थे




कोई भी कार्य बताया वो सब जिम्मेदारी से पूर्ण करते रहे द्य इनके जो भी हितलाभ हैं उनको तत्काल प्रदाय किए जाने एवं कभी भी मेरे स्तर से कोई सहयोग की आवश्यकता हो तो वह भी पूरा किया जायेगा द्य बृजेन्द्र तिवारी ने श्री साहू की नियुक्ति से लेकर वर्तमान तक की सेवा अवधि के बारे में जानकारी देते हुए वह भावुक हो गए विदाई देते हुए उनके स्वस्थ रहने तथा वृद्धावस्था में भगवान की भक्ति के साथ परिवार में खुश रहने उनकी जिम्मेदारी का निर्वहन करने की कामना करते हुए सम्मानित किया गया द्य कार्यक्रम में सम्मान करने वाले पार्षद अजय मिश्रा, गोविन्द प्रसाद कुशवाहा, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, नगर परिषद के उपयंत्री रमाकान्त बागरी, संजय जैन , मुनीन्द्र गर्ग,अनिल गोस्वामी, राहुल धूरिया, प्रिंस जैन, अजय कुशवाहा, गोविन्द सिंह राठौर, मुनव्वर खान, अनमोल खरे सहित उनके परिवार के सदस्य विदाई समारोह में उपस्थित रहे।

# शिक्षकों ने इंद्र कुमार जैन को दी भावभीनी विदाई

**पन्ना।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर में 38 वर्षों तक सेवा देने वाले प्रधानाध्यापक इंद्र कुमार जैन सेवा निवृत्त हो गए इस अवसर पर गरिमामय समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य अनिल उपाध्याय के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ अभिषेक जैन सीबीएमओ, वरिष्ठ भाजपा नेता हरदेव सिंह परमार,उमेश शर्मा,शिवांगी ललित गुप्ता अध्यक्ष नगर परिषद,पूर्व प्राचार्य निशा जैन,राजकिशोर पाण्डेय,भरत शर्मा,रामलखन शुक्ला,महेश जैन सहित आशाराम शर्मा,सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य,प्रधानाध्यापक,शिक्षक शिक्षिकाए,पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ




शिक्षक के एल गुप्ता ने व आभार व्यक्त विद्यालय प्राचार्य अनिल उपाध्याय द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा उनका शाल श्रीफल,स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। विदाई कार्यक्रम के दौरान उनका परिवार उनकी धर्म पत्नी संध्या जैन,उनकी बेटी शैली व दामाद आकाश जैन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के छायाचित में दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ तत्पश्चात विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना,स्वागत गीत,विदाई गीत प्रस्तुत किए। वर्ष 1986 में जब इंद्र कुमार जैन की पहली पदस्थापना देवेंद्रनगर में हुई, तब शायद किसी ने नहीं सोचा था कि यह नगर एक शिक्षक की आत्मा का स्थायी ठिकाना बन जाएगा। उनके हृदय में जन्मस्थली सागर के प्रति स्वाभाविक स्नेह रहा, परंतु देवेंद्रनगर की सांस्कृतिक आत्मीयता, सामाजिक समरसता और छात्र-शिक्षक संबंधों ने उन्हें इस कदर बाँध लिया कि उन्होंने यहीं स्थायी निवास का निर्णय लिया और नगर को जीवन की प्रेरणास्थली बना लिया। उन्होंने शिक्षण को केवल जीविकोपार्जन का साधन नहीं, बल्कि समाज सेवा का साधन माना। वे व्याख्याता के रूप में उच्च कक्षाओं के साथ-साथ मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों को भी समान उत्साह और समर्पण से पढ़ाते रहे। उन्होंने अनेक छात्रों को नि:शुल्क मार्गदर्शन दिया, नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी और जीवन निर्माण की प्रेरणा प्रदान की। सेवाकाल में उन्हें प्रभारी प्राचार्य सहित कई प्रशासनिक दायित्वों का प्रस्ताव मिला, परंतु उन्होंने इन प्रस्तावों को विनम्रता से अस्वीकार कर दिया, क्योंकि उनका उद्देश्य देवेंद्रनगर से जुड़े रहना था। वे 13 वर्षों तक परीक्षा प्रभारी और 14 वर्षों तक बोर्ड परीक्षाओं में सहायक केंद्राध्यक्ष के रूप में निष्ठावान और निष्कलंक सेवाओं के लिए स्मरणीय बने रहे। श्री जैन नगर की सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उनका श्रीराम मंदिर से आत्मीय लगाव रहा है, और वे नियमित रूप से दर्शन हेतु वहाँ जाते हैं। नगर की सभी प्रमुख गतिविधियों में उनकी सहभागिता विनम्रता, समभाव और गरिमा के साथ होती रही है।

देवेंद्रनगर के व्यापारी वर्ग, छात्र समुदाय, शिक्षक समूह और पत्रकार समाज-सभी में उनके प्रति गहन स्नेह और सम्मान रहा है। उन्होंने जाति-धर्म से परे सभी के साथ आत्मीय संवाद बनाए रखा, जिससे वे नगर के एक सर्वमान्य और प्रिय व्यक्तित्व बन गए।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, बुधवार 02 जुलाई 2025






कलेक्ट्रेट मऊगंज में आयोजित जनसुनवाई में आमजनों के 21 आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई। संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता ने राजस्व, पेंशन, खाद्य सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन पत्रों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए।

# अब केवल ई ऑफिस से भेजी फाइले ही होंगी स्वीकार

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों के शेष पेंशन प्रकरण सात दिवस में दर्ज करें : कमिश्नर



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी और जिलाधिकारी ई ऑफिस से ही फाइलों का परिचालन करें। कमिश्नर कार्यालय में भी अब केवल ई ऑफिस से भेजी गई फाइलें ही स्वीकार होंगी। शेष बचे संभागीय कार्यालय सात दिवस में ऑनबोर्ड होकर ई फाइल भेजना सुनिश्चित करें। कार्यालय में भी ई ऑफिस के माध्यम से ही फाइल वर्क करें। संभागीय अधिकारी अधीनस्थ कार्यालयों में भी ई फाइल व्यवस्था सात दिवस में सुनिश्चित करें। किसी भी तरह की कठिनाई होने पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से संपर्क करके कठिनाई दूर कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि जून माह तक संभाग में सेवानिवृत्त हुए 189 शासकीय सेवकों में से केवल 94 के पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय में दर्ज हुए हैं। संबंधित अधिकारी सात दिवस में शेष पेंशन प्रकरण अनिवार्य रूप से पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। सेवानिवृत्त अधिकारियों के पीपीओ समय पर जारी कराएं जिससे पेंशन के लिए सेवानिवृत्त कर्मियों को भटकना न पड़े। पेंशन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कमिश्नर ने कहा कि सभी नगर निगम तथा अन्य नगरीय निकाय शहरी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार और बाढ़ तथा अतिवृष्टि से निपटने के प्रबंधों पर विशेष ध्यान दें। त्योंथर क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांव के निवासियों को सुरक्षित रखने के लिए स्थानों का चिन्हांकन कर लें। यहाँ बनाए जाने वाले राहत शिविरों में पर्याप्त अनाज, पेयजल, दवाओं तथा अन्य सुरक्षा के उपकरणों की व्यवस्था कर लें। आपदा नियंत्रण के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रखें। व्हाट्सएप ग्रुप में बाढ़ तथा अतिवृष्टि से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं लगातार दर्ज कराते रहें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी विकासखण्डों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में एक-एक लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। वृक्षारोपण के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में तत्काल तैयारी शुरू कर दें। अभियान में लक्ष्य के अनुसार पौधे रोपित कराएं। रोपित पौधों की सुरक्षा के भी उचित प्रबंध करें। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण को जन आंदोलन का रूप दें। कमिश्नर ने कहा कि सड़कों से जुड़े अधिकारी हाईवे तथा अन्य प्रमुख मार्गों से निराश्रित गौवंश को हटाकर आसपास की गौशालाओं में सुरक्षित कराएं। संयुक्त संचालक पशुपालन निराश्रित गौवंश को सुरक्षित करने के लिए विशेष प्रयास करें साथ ही विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराएं। नेशलन हाईवे, सड़क विकास निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी अधिक वर्षा में जलमग्न होने वाले पुलों में साइन बोर्ड तथा बैरियर तत्काल लगाएं। संयुक्त संचालक कृषि खाद, बीज और कीटनाशकों के नमूने लेकर उनकी जाँच कराएं। नमूने अमानक पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। सहकारी समितियों के माध्यम से खाद का किसानों में वितरण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने प्राकृतिक खेती, सड़कों के सुधार तथा खाद्यान्न वितरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त स्वदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, प्रभारी मुख्य अभियंता ऊर्जा प्रमा पाण्डेय, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास शशि श्याम उइके तथा संभागीय उपस्थित रहीं।

## लेखा प्रशिक्षण के लिए 24 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** लिपिक वर्गीय कर्मचारियों एवं अर्द्धशासकीय विभाग के कर्मचारियों के लिए एक अगस्त से 15 अक्टूबर तक लेखा प्रशिक्षण दिया जायेगा। लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य विश्वम्भर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र प्रारंभ हो रहा है। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक कर्मचारी 24 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि अर्द्धशासकीय विभाग के प्रशिक्षणार्थियों को 2 हजार रूपये का चालान शीर्ष 0070 अन्य प्रशासनिक सेवाएं 800 अन्य प्राप्तियों 00-101-0000-00 में जमा कराकर आवेदन पत्र लेखा प्रशिक्षण कार्यालय में शिल्पी प्लाजा ए ब्लॉक में प्रस्तुत करना होगा। प्रशिक्षण में एक वर्ष से अधिक समय से कार्यरत लिपिक वर्गीय कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं। साथ ही उन्हें हिन्दी मुद्र लेखन, सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

## शौर्य दल का प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न



**रीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण के प्रयासों के क्रम में शौर्य दल की कार्यशाला का आयोजन किया गया। होटल स्टार में आयोजित कार्यशाला में जिला विधिक सेवा अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने महिलाओं की सुरक्षा के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यशाला में लॉ ऑफ़िसर अनीश पाण्डेय ने उपस्थितों को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी ने जेंडर संवेदीकरण विषय के संबंध में विस्तार से जानाकरी दी। मनु सिंह ने किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता एवं एनीमिया से बचने के उपाय के बारे में अवगत कराया। बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास स्वाति श्रीवास्तव ने बच्चों को उमंग हेल्पलाइन नंबर 14425, पॉक्सो ई बॉक्स एवं बाल संरक्षण के विषय के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण में किशोरी बालिकाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने आमजनों की सुनी समस्याएं



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता के आवेदन पत्रों में जनसुनवाई की। कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का सात दिवस में निराकरण करने के निर्देश दिए। सतना जिले के मझगवां तहसील के दाहिया जाति के जाति प्रमाण पत्र के आवेदन के संबंध में कमिश्नर ने एसडीएम मझगवां को निर्देश दिए। कमिश्नर ने शिवाकांत तिवारी निवासी ग्राम पंछा तहसील त्योंथर के सीमांकन के आवेदन के निराकरण के लिए एसडीएम त्योंथर को निर्देश दिए। कमिश्नर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के दिवंगत कर्मचारी मोतीलाल साकेत की पत्नी के अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 131.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में एक जुलाई को 5.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 20.4 मिलीमीटर वर्षा हुजूर तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 131.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 107.2 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 96.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 201 मिलीमीटर, सिरमौर में 175.8 मिलीमीटर, त्योंथर में 50 मिलीमीटर, सेमरिया में 155 मिलीमीटर, मनगवां में 127 मिलीमीटर तथा जवा में 90 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी।

# जनसुनवाई में ग्रामीण जनों ने पुरैना गांव में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की मांग की

### जनसुनवाई में 87 सुने गये आवेदन



**रीवा।** मंगलवार में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट में 87 आवेदकों की समस्यायें सुनी गई। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। रायपुर कर्चुलियान जनपद अन्तर्गत गढ़वा के ग्रामवासियों ने गांव में सड़क, नाली, नलजल योजना, सहित जर्जर पंचायत भवन को बनाये जाने तथा पंचायत भवन के नियमित संचालन का आवेदन दिया जिसे सीईओ को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार गढ़वा ग्रामवासियों के सड़क में मुरमीकरण कराये जाने का आवेदन को सीईओ जनपद रीवा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। संतोष कुमार पाण्डेय परिहारिन पुर्वा के नकल दिलाने, संजय कुमार साहू देवरा फरेंदा के कम्प्यूटरीकृत नक्शे में त्रृटि सुधार के आवेदन को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। चन्द्रवती निवासी डेल्ही के कब्जे की भूमि से अतिक्रमण हटाने के आवेदन को एसडीएम सिरमौर को तथा दानी निवासी राजकुमार के खसरा सुधार के आवेदन को एसडीएम गुढ़ को कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई में विनोद कुमार लोही निवासी ने घर के सामने से पानी निकासी का आवेदन दिया जिसे जनपद रीवा सीईओ को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। रविकांत द्विवेदी के सीमांकित भूमि का कब्जा दिलाने के आवेदन को एसडीएम जवा को, सिलपरा निवासी भोलई साकेत के अतिक्रमण हटाने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर को तथा रामभजन सिंह चचाई निवासी के खाद्यान्न पर्ची में नाम जोड़ने के आवेदन को खाद्य अधिकारी को कार्यवाही करने के लिये निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में मुद्रिका प्रसाद बहेलिया निवासी गोविंदगढ़ के सीमांकन कराने के आवेदन को नायब तहसीलदार गोविंदगढ़ को तथा कृष्ण कुमार चर्मकार के राहत राशि प्रदाय के आवेदन को जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा कलेक्टर ने बाल सम्प्रेक्षण गृह का किया औचक निरीक्षण



**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बाल सम्प्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया तथा व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा तथा साफ-सफाई की व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश अधीक्षक को दिये गये। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व कलेक्टर ने अपचारी बच्चों के कक्षों का निरीक्षण किया तथा वहां प्रकाश व हवा की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने किचेन में बनाये जा रहे खाने व स्टोर में उपलब्ध सामग्री का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बुलाकर खाद्यान्न सामग्री के सेम्पलिंग लेने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपचारी बच्चों से मिलने वाले भोजन एवं नाश्ते के विषय में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान बाल सम्प्रेक्षण गृह में बच्चों के लिये प्रशिक्षण की व्यवस्था व इनडोर खेल की व्यवस्थाओं के लिये निर्देशित किया गया। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को दिये गये सभी बिन्दुओं की जांचकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा भवन निर्माण के लिये डीपीआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने शिवानी पाण्डेय व सचिन तिवारी को अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान सचिव जिला विधिक प्राधिकरण समीर मिश्रा, श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी नयन सिंह, सहायक संचालक आशीष द्विवेदी उपस्थित रहे।

## लोक निर्माण विभाग द्वारा चलाया गया वृक्षारोपण का महाभियान, रोपे गए दो हजार पौधे



**रीवा।** लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री राकेश सिंह की पहल पर पर्यावरण संरक्षण के लिए विभाग द्वारा वृक्षारोपण का महाभियान चलाया गया। महाभियान में लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक एक रीवा के अन्तर्ग चिन्हित स्थानों पर लगभग दो हजार पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण महाभियान में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम ने वृक्षारोपण किया तथा अभियान की सराहना की। राजनिवास सर्किट हाउस में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने पौधा रोपित किया। मुख्य अभियंता संजय खाण्डे, कार्यपालन यंत्री नितिन पटेल तथा एससी वर्मा द्वारा भी पौधारोपण में भागीदारी निभाई गयी। इसी प्रकार गोविंदगढ़, मऊगंज, सिरमौर और देवतालाब में भी विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने पौधे रोपित किए।

## छात्रवृत्ति के लिए ओटीआर नम्बर और आधार सत्यापन होगा अनिवार्य

**रीवा।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र ऑनलाइन दर्ज करने की प्रक्रिया के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को छात्रृत्ति का लाभ दिया जा रहा है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक है। छात्रवृत्ति के लिए पात्र कक्षा नवीं से महाविद्यालय स्तर तक के विद्यार्थियों को दो चरणों में ओटीआर प्राप्त कर आवेदन पत्र दर्ज करना होगा। छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए ओटीआर नम्बर और आधार सत्यापन कराना अनिवार्य है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि दो लाख 50 हजार वार्षिक आय सीमा के अनुसूचित जाति, जनजाति परिवारों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाएगा। वर्ष 2025-26 की छात्रवृत्ति के लिए पात्र विद्यार्थी को नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर पंजीयन कराकर वन टाइम रजिस्ट्रेशन नम्बर प्राप्त करना होगा। इसके लिए विद्यार्थी को नेशनल स्कालरशिप पोर्टल की वेबसाइट अथवा एनएसपी ओटीआर मोबाइल एप डाउनलोड करके उसमें आवश्यक जानकारियाँ दर्ज करनी होंगी।

सभी जानकारियाँ दर्ज होने के बाद उससे रिफरेंस नम्बर प्राप्त होगा। इसके दूसरे चरण में एनएसपी ओटीआर एप अथवा आधार फेस आरडी सर्विस ऐप को डाउनलोड करके रिफरेंस नम्बर से ओटीआर की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे प्राप्त ओटीआर नम्बर से एमपीटॉस पोर्टल पर छात्रवृत्ति का आवेदन दर्ज होगा। कलेक्टर ने डीन मेडिकल कालेज, कालेज के प्राचार्य, स्कूलों के प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी तथा छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित की गई प्रक्रिया के अनुसार पात्र विद्यार्थियों की एक माह की समय सीमा में ओटीआर पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं। सभी प्राचार्य विद्यार्थियों की ओटीआर नम्बर सहित सूची तैयार करके प्रस्तुत करेंगे। सभी छात्रावास अधीक्षक छात्रावासों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के प्रोफाइल पंजीयन के साथ-साथ उनका ओटीआर नम्बर भी प्रवेश पंजी में अनिवार्य रूप से दर्ज करें। ओटीआर प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी के आधार सत्यापित मोबाइल नम्बर का उपयोग करना अनिवार्य होगा। इस मोबाइल नम्बर को बैंक खाते से भी जुड़ा होना आवश्यक है।

## राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक आज

**रीवा।** जिला निश्क्त पुनर्वास केन्द्र की जिला प्रबंधन समिति एवं राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक दो जुलाई को आयोजित की जाएगी। बैठक कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं कमेटी की प्रेसीडेंट श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी। सचिव रेडक्रास सोसायटी डॉ विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बैठक में कमेटी के पदाधिकारियों तथा संबंधित अधिकारियों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता श्री त्रिपाठी को दी गई भावभीनी विदाई



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित समारोह में कमिश्नर बीएस जामोद तथा अन्य अधिकारियों ने सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता ऊर्जा आईके त्रिपाठी को भावभीनी विदाई दी। श्री त्रिपाठी 37 वर्ष का सेवाकाल पूरा करके 30 जून को सेवानिवृत्त हुए हैं। श्री त्रिपाठी को शॉल, श्रीफल, पुष्पहार एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि श्री त्रिपाठी ने अपनी प्रशासनिक क्षमता और उत्कृष्ट तकनीकी ज्ञान से सफलता के नए आयाम स्थापित किए। रीवा जैसे चुनौतीपूर्ण संभाग में बिजली संबंधी शिकायतों का तत्परता से निराकरण कराकर कई बार सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में विभाग को प्रथम स्थान दिलाया। वरिष्ठ से लेकर मैदानी कर्मचारियों तकण सतत संवाद से विभाग से जुड़ी शिकायतों को दूर किया। जिसके कारण संभाग में कभी भी कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। संभागीय अधिकारियों के दल में भी शामिल होकर श्री त्रिपाठी ने शासन के महत्वपूर्ण अभियानों की मानीटरिंग में उल्लेखनीय कार्य किया। इस अवसर सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता ने कहा कि मैंने निजी क्षेत्र से अपनी सेवाएं शुरू की और 37 वर्ष शासकीय सेवा में रहा। निजी क्षेत्र के कई अच्छे गुणों को शासकीय क्षेत्र में शामिल करने का प्रयास किया। बिजली विभाग में शिकायतें बहुत अधिक होती हैं। फील्ड में रहने वाले छोटे-छोटे कर्मचारी से जीवंत संपर्क रखकर वस्तुस्थिति के अनुसार कार्यवाहियाँ की जिससे शिकायतों का समय पर समाधान हो सका। उन्होंने कहा कि कमिश्नर कार्यालय में संभागीय अधिकारियों की टीम बनाने तथा सेवानिवृत्ति और स्थानांतरण पर समारोहपूर्वक विदाई की कमिश्नर श्री जामोद सर की पहल शासकीय कार्यालय के वातावरण को पारिवारिक बना देती है। कार्यक्रम में अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता श्रीमती प्रमा पाण्डेय तथा संभागीय जनसंपर्क अधिकारी उमेश तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में संयुक्त आयुक्त स्वदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे तथा संभागीय उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833